Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 138 | बुधवार , 21 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सार संक्षेप

## भाजपा ने राहुल को कहा 'मीर जाफर' तो कांग्रेस ने जयशंकर को बताया 'जयचंद'



**नई दिल्ली।**

भारत-पाक संघर्ष पर भाजपा और कांग्रेस के बीच अपने-अपने नेताओं के बयानों को लेकर वाकयुद्ध और तेज हो गया है। दोनों दलों ने ऑपरेशन सिदूर पर अपने नेताओं की टिप्पणियों को लेकर एक-दूसरे पर तीखे हमले किए और इंटरनेट मीडिया पर मीम्स भी पोस्ट किए।

उन्होंने इशारों में एक-दूसरे पर देश के साथ विश्वासघात करने का भी आरोप मढ़ा। सत्तारूढ़ पार्टी ने संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को ''आधुनिक युग का मीर जाफर'' कहा, जबकि विपक्षी पार्टी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को ''नए युग का जयचंद'' बताया। गौरतलब है कि कांग्रेस और राहुल गांधी ने जयशंकर पर हमला करते हुए आरोप लगाया था कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पाकिस्तान को पहले ही आगाह कर दिया था। साथ ही सवाल भी किया था कि भारत ने कितने विमान खो दिए और जयशंकर की ''चेतावनी'' के कारण पाकिस्तान में कितने आतंकवादी अपने शिविरों से भाग निकले। राहुल के हमले के बाद भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर मीम पोस्ट किया जिसमें राहुल के चेहरे का आधा हिस्सा पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के चेहरे के साथ मिलाया गया था और कैप्शन में लिखा था ''एक ही एजेंडा''।

## बेंगलुरु में भारी बारिश से लोगों का हाल-बेहाल



**बेंगलुरु।**

बेंगलुरु में जोरदार बारिश ने कहर बरपाया है। पिछले 36 घंटों से हो रही भारी बारिश के कारण लोगों का हाल-बेहाल है। मंगलवार को भी जनजीवन प्रभावित रहा। जलमग्न सड़कों के बीच कई जगह ट्रैफिक जाम हो गया। वहीं, राज्य में बारिश से संबंधित मौतों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण शहर के साई लेआउट में एक द्वीप जैसी स्थिति बन गई। यहां घरों की निचली मंजिलें आधी डूब गई हैं। इसके कारण लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

### 150 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को करीब 150 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमबी) ने साई लेआउट में लोगों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था की।

## डॉ. केएनएस मेमोरियल अस्पताल के कार्यक्रम राजनाथ सिंह बोले

# भारतीय सेना ने आतंकियों का सफाया किया और पाक के मंसूबे ध्वस्त किए

**लखनऊ।**

लखनऊ पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने आतंकियों का सफाया किया। इस बार पाकिस्तान पूरी तरह से घुटनों के बल पर आ गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में डॉ. केएनएस मेमोरियल अस्पताल के कार्यक्रम में कहा कि हम सीमा पार आतंकियों का इलाज करते हैं। एक महीने पहले इस कार्यक्रम में आने की सहमति दी थी। परिस्थितियों की वजह से लग नहीं रहा था कि आना संभव होगा। आतंकवाद के खिलाफ हमारी सेना ने बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया किया। सेना ने कुशल सर्जन की तरह काम किया है। बड़ी सटीकता के साथ आतंकवाद की जड़ पर प्रहार किया है और पाकिस्तान की सेना को घुटनों पर ला दिया। सेना ने सिर्फ आतंकवाद पर प्रहार किया।। नागरिक क्षेत्रों में स्ट्राइक नहीं की। सैनिक और डॉक्टर समान हैं। दोनों नागरिक की रक्षा करते हैं। उनका समर्पण और सेवा वंदनीय है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज एक अलग सी अनुभूति पीड़ा और वेदना के साथ हो रही है। 25 साल पहले इस केएनएस अस्पताल की शुरूआत करते हुए डॉ के एम सिंह से प्रभावित हुआ था। आज पच्चीस साल बाद उनका सपना साकार हो रहा है। अमेरिका में वे अच्छा जीवन जी रहे थे पर उन्होंने सेवा का पेशा चुना और ब्रेन ड्रेन नहीं ब्रेन गेन का उदाहरण पेश किया। 1997 में उनकी मां का देहान्त इलाज के अभावों में हो गया। व्यक्तिगत दुख कई लोगों को तोड़ देता है। डॉ सिंह ने दिखाया कि इसे प्रेरणा के रूप में लिया जा सकता है। रक्षामंत्री ने कहा कि जीवन शैली की वजह से कई बीमारियां पैदा हो रही हैं। हमें सोचना होगा। भारत डायबिटीज के मरीजों की राजधानी बन गया है। यहां 10 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर ही हमारे असली नायक हैं जिन्हें जीवन बचाने की शक्ति मिली हुई है। डॉक्टरों ने कोरोना के समय योगदान दिया। हमें उनका धन्यवाद देना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत की जमीन पर हमले के प्रयास प्रारंभ किए। आम नागरिकों, मंदिरों, गुरुद्वारों व गिरजाघरों को निशाना बनाया गया। उसके जवाब में भारतीय सेना की कार्रवाई ने पाकिस्तान की फौज को घुटनों पर लाकर खड़ा कर दिया। हमने पूरा ध्यान रखा कि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भी प्रहार किया जाए, जहां सिविलियंस रहते हैं।



### हकीकत बन चुका डॉ. सिंह का देखा सपना

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 12 मई 2000 को मैंने ही इस हॉस्पिटल का उद्घाटन किया था। डॉ. केएन सिंह की आंखों में जो सपना, विजन, उद्देश्य देखा था, वह आज हकीकत बन चुका है। भारतीय टैलेंट देश से बाहर जाकर प्रतिभा दिखा रही है, लेकिन डॉ. सिंह युनाइटेड स्टेट से वापस भारत आए और ब्रेन गेन के मिसाल बने। रक्षा मंत्री ने बताया कि 1997 में उनकी मां को हृदयाघात आया। समय पर पर्याप्त चिकित्सा सुविधा न मिलने के कारण वे अपनी मां को खो बैठे। उस क्षण ने उनकी दिशा बदल दी। डॉ. सिंह ने ठान लिया कि इलाज के अभाव में किसी को खोना न पड़े। व्यक्तिगत क्षति अक्सर कड़वाहट पैदा कर देती है और उन्हें निराशावादी भी बना देती है, लेकिन डॉ. सिंह जैसे लोग दिखाते हैं कि इन्हीं दुखों को नई चेतना, नई दिशा व नई प्रेरणा में बदला जा सकता है। रक्षा मंत्री ने लखनऊ, आजमगढ़ व अंबेडकर नगर में डॉ. सिंह द्वारा किए गए प्रयासों को भी उजागर किया।

## केंद्र ने मणिपुर हिंसा की जांच कर रहे आयोग का कार्यकाल फिर बढ़ाया

**नई दिल्ली।** केंद्र ने मणिपुर में मई 2023 में शुरू हुई हिंसा की जांच पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए जांच आयोग के कार्यकाल को 20 नवंबर 2025 तक फिर बढ़ा दिया है। मणिपुर हिंसा में कम से कम 260 लोगों की मौत हुई है। गुवाहाटी हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश अजय लांबा की अध्यक्षता में जांच आयोग का गठन चार जून, 2023 को किया गया था। आयोग में सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी हिमांशु शेखर दास और सेवानिवृत्त आइपीएस अधिकारी आलोक प्रभाकर भी शामिल हैं। चार जून, 2023 को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि आयोग को अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को 'जितनी जल्दी हो सके, लेकिन अपनी पहली बैठक की तारीख से छह महीने से अधिक समय बाद नहीं सौंपनी थी। इसके बाद भी आयोग का कार्यकाल दो बार बढ़ाया जा चुका है। अपने आखिरी विस्तार में गृह मंत्रालय ने आयोग को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए 20 मई, 2025 तक का समय दिया था। गृह मंत्रालय ने नवीनतम अधिसूचना में कहा कि आयोग जल्द से जल्द लेकिन 20 नवंबर, 2025 से पहले केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। आयोग के कार्यक्षेत्र के अनुसार, यह उन घटनाओं की जांच करेगा, जिनके कारण ऐसी हिंसा हुई और उससे संबंधित सभी तथ्य, क्या इस संबंध में किसी जिम्मेदार अधिकारी या व्यक्ति की ओर से कोई चूक या कर्तव्य की उपेक्षा हुई।

## मौसम की मार

# कर्नाटक-तमिलनाडु में आठ लोगों की मौत, दो दिन की बारिश में जन-जीवन अस्तव्यस्त

**कर्नाटक**

कर्नाटक और तमिलनाडु में पिछले दो दिनों में बारिश की अगल-अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं, महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में बिजली गिरने से 2024 में 28 और लोगों की मौत हो गई। जबकि, 2023 में 48 लोगों की मौत हुई थी। कर्नाटक और तमिलनाडु में पिछले दो दिनों में बारिश कहकर बनकर बरसी है। बारिश से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इसमें बंगलूरू में हुई तीन मौतें भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बंगलूरू में रविवार से भारी बारिश हो रही है, जिससे शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पुलिस के अनुसार, तमिलनाडु के मदुरै में सोमवार को भारी बारिश के चलते दीवार गिरने से एक लड़के समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दूसरी तरफ, कर्नाटक के बंगलूरू में एक अपार्टमेंट में घुसे बारिश के पानी को निकालने की कोशिश करते समय 12 वर्षीय एक बच्चे समेत दो लोगों की करंट लगने से मौत हो गई। मीको लेआउट पुलिस के अनुसार, बीटीएम द्वितीय स्टेज के पास एनएस पाल्या में मधुवन अपार्टमेंट के निवासी मनमोहन कामथ (63) ने सोमवार शाम को अपने घर से पानी निकालने के लिए मोटर पंप का उपयोग करने की कोशिश की। जब उसने पंप को सॉकेट से जोड़ा, तो शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे उसे करंट लग गया। पुलिस ने बताया कि अपार्टमेंट परिसर में काम करने वाले नेपाली व्यक्ति का बेटा दिनेश (12) भी बिजली की चपेट में आ गया, जो कामथ के पास खड़ा था। अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इससे पहले सोमवार को, महादेवपुरा पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर एक दीवार गिर गई। हादसे में झाड़ू लगा रही शशिकला (35) की मौत हो गई।



## ड्रोन चलाने में क्यों फिसड्डी रही पाकिस्तान की सेना




### इंडियन आर्मी के जवान ने खोल दी पाक की पोल

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान में दाखिल होकर 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की साजिश रची। लेकिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान के हर नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान सेना लगातार सीजफायर का उल्लंघन करती रही। हालांकि, भारत ने पाकिस्तान के गोली का जवाब गोले से दिया। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए भारतीय सेना ने बताया कि सेना ने छडउ पर मीडियम मशीन गन का इस्तेमाल किया, ताकि पाकिस्तानी सेना की अग्रिम चौकियों को निशाना बनाया जा सके और दुश्मन को नुकसान पहुंचाया जा सके। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना का मनोबल हमेशा की तरह उच्च स्तर पर है, इसलिए छडउ पर बाड़बंदी कड़ी कर दी गई है।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिया नए लॉ ग्रेजुएट्स को झटका, अब सीधे नहीं बन पाएंगे जज

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसले में कहा है कि अभ्यर्थी विधि स्नातक होते ही न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल नहीं हो सकते। प्रवेश स्तर के पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम तीन साल वकालत करना अनिवार्य है। इस फैसले का न्यायिक सेवा के अभ्यर्थियों पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। नए विधि स्नातकों की नियुक्ति से कई कठिनाइयां आई हैं प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने भावी न्यायाधीशों के लिए अदालती अनुभव के महत्व को दोहराया। प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा, नए विधि स्नातकों की नियुक्ति से कई कठिनाइयां आई हैं। न्यायिक दक्षता और क्षमता सुनिश्चित करने के लिए अदालत में व्यावहारिक अनुभव जरूरी है। पीठ ने कहा कि प्रवेश स्तर के सिविल जजों के पदों के लिए न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने के वास्ते न्यूनतम तीन साल की वकालत अनिवार्य है। अदालत ने यह फैसला अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ द्वारा दायर याचिका पर सुनाया।



## संयुक्त राष्ट्र ने दी चेतावनी

# 'अगले 48 घंटों में गाजा में 14000 बच्चे मर सकते हैं'

**गाजा।**

भूख और प्यास से आकुल गाजा पर मंगलवार को भी इजरायली हमले जारी रहे।

इस बीच संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है जिसमें कहा गया है कि अगर युद्धग्रस्त क्षेत्र में और जल्द से जल्द खाद्य सहायता नहीं पहुंची तो 48 घंटों के भीतर गाजा में 14,000 बच्चे मर सकते हैं। हालांकि सहयोगी देशों के दबाव में सोमवार को इजरायल ने दो मार्च से जारी रोक खत्म कर गाजा में खाद्य सामग्री, पेयजल और दवाइयों के नौ ट्रकों को जाने दिया जबकि वहां की प्रतिदिन की जरूरत करीब 500 ट्रक सामग्री की है। ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने गाजा की स्थिति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया है और इजरायल से गाजा में अविलंब पर्याप्त मानवीय सहायता भेजने के लिए कहा है। सोमवार को केवल पांच ट्रक मानवीय सहायता लेकर गाजा पहुंचे संयुक्त राष्ट्र के मानवीय प्रमुख टॉम फ्लेचर ने कहा कि सोमवार को केवल पांच ट्रक मानवीय सहायता लेकर गाजा पहुंचे, जिसमें बच्चों के लिए भोजन भी शामिल था, इजरायल द्वारा कई सप्ताह तक की गई पूरी नाकाबंदी के बाद यह मानवीय सहायता बेहद कम है। उन्होंने कहा कि सहायता अभी भी जरूरतमंद समुदायों तक नहीं पहुंची है। बीबीसी के रेडियो 4 से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगले 48 घंटों में 14,000 बच्चे मर जाएंगे, अगर हम उन तक नहीं पहुंच पाए...हम उन माताओं तक शिशु आहार पहुंचाने के लिए हर तरह का जोखिम उठाते हैं, जो अभी अपने बच्चों को नहीं खिला सकती हैं, क्योंकि वे कुपोषित हैं। जब उनसे पूछा गया कि संयुक्त राष्ट्र ने कैसे पता लगाया कि गाजा में 14,000 शिशु भुखमरी के जोखिम में हैं, तो फ्लेचर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की टीमें जरूरत का आकलन करने के लिए चिकित्सा केंद्रों और स्कूलों जैसी जगहों पर काम कर रही हैं।



# सर्वदलीय मंडल की 3 टीमों को किया गया ब्रीफ

**नई दिल्ली।**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पूरी दुनिया में बेनकाब तो ही गया है। वहीं, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर करके अपनी ताकत का एहसास भी पाकिस्तान को कराया है। वहीं, भारत पाकिस्तान को कूटनीति के जरिए भी पूरी तरह से पस्त करना चाहता है। इसके लिए सात संसदीय प्रतिनिधिमंडल अगले कुछ सप्ताहों में 32 देशों का दौरा करेंगे और पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पहलगाम आतंकवादी हमले और ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल के बाद विभिन्न देशों को भारत के रुख से अवगत कराने के लिए विदेश यात्रा पर जा रहे सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से तीन को मंगलवार को संबंधित चीजों की जानकारी दी। जद(यू) के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और द्रमुक की कनिमोई के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने ब्रीफिंग में भाग लिया, जिसमें उन्हें उनके एजेंडे और उसके विस्तृत विवरण के बारे में बताया गया।



## संपादक की कलम से

# बारात नहीं, कूटनीति है

शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के संसदीय दल के नेता संजय राउत कह रहे हैं कि यह बारात भेजने की जरूरत नहीं है। यह सिर्फ टूरिज्म प्रोग्राम चल रहा है। कांग्रेस दो बिंदुओं पर अटकी है। वह राष्ट्रपति ट्रंप को अमरीकी पापा और अमरीकी फूफा कहते हुए युद्धविराम पर सवाल पूछ रही है। क्या ऐसा तंज कूटनीति में उचित और स्वीकार्य है? लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार पूछ रहे हैं कि हमारे कितने लड़ाकू विमान नष्ट हुए? पाकिस्तान को हमले से पहले जानकारी देकर सचेत करना विदेश मंत्री जयशंकर की चूक नहीं, एक अपराध है। प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि देश को जानने का अधिकार है। विपक्षी खेमे में कांग्रेस के साथी दलों-सपा, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार), झारखंड मुक्ति मोर्चा, नेशनल कॉन्फ्रेंस-को मौजूदा संवेदनशील दौर में भारत सरकार के निर्णयों पर आपत्ति नहीं है और वे सवाल, संदेह जताने के बजाय राष्ट्रीय एकजुटता का प्रदर्शन कर रहे हैं। कुछ काली भेड़ें हैं, जिनके दलों के सांसद विशेष प्रतिनिधिमंडलों के साथ विदेश भेजे जा रहे हैं। क्या यह प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक विवशता है कि उन्हें 33 देशों के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए विपक्षी सांसदों और नेताओं का सहारा लेना पड़ रहा है? यह संदर्भ राजनीतिक दलों और विपक्ष का नहीं है, बल्कि राष्ट्र भारत का है। प्रतिनिधिमंडल भारत के राजदूत हैं, किसी दल-विशेष के सांसद या नेता नहीं हैं। क्या इन प्रतिनिधिमंडलों को बारात माना जा सकता है? इतनी क्षुद्र और घटिया राजनीति करने की विवशता क्या है? देश के विदेश सचिव विक्रम मिसरी तक स्पष्ट कर चुके हैं कि विदेश मंत्री ने ऐसा बयान नहीं दिया। पाकिस्तान को इतना सचेत नहीं किया गया कि हाफिज सईद, मसूद अजहर, सैयद सलाहुद्दीन, लखवी सरीखे खूंखार आतंकवादी भाग कर किसी सुरक्षित पनाहगाह में शरण ले सकें। वे निश्चित तौर पर हमारी सेनाओं के निशाने पर हैं। पाकिस्तान में आजकल अज्ञात हमलावर भी खूब सक्रिय हैं, पाकिस्तान और कांग्रेस को यह भूलना नहीं चाहिए। सवाल है कि कांग्रेस बार-बार ऐसे बयान देकर देश को भ्रमित करने पर क्यों आमादा है? सेना के आधार पर हमारे सैन्य संचालन के तीनों महानिदेशकों ने भी ब्रीफ किया था कि हमारे सभी पायलट सकुशल घर लौट आए हैं। जाहिर है कि लड़ाकू विमान भी सुरक्षित लौट आए होंगे! फिर कांग्रेस और राहुल गांधी इस बयान को क्यों दोहरा रहे हैं कि पाकिस्तान को हमले की पूर्व जानकारी थी, लिहाजा हमने कुछ लड़ाकू विमान खोए होंगे! विडंबना यह है कि इधर कांग्रेस जो बयान दे रही है, उधर पाकिस्तान मीडिया की वे सुर्खियां बने हैं। ऐसी ही फर्जी खबरें सोशल मीडिया पर चलाई जा रही हैं कि पाकिस्तान की वायुसेना ने भारत के 5 राफेल विमान धराशायी कर दिए। वहां के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ संसद में भी यही बयान देते हैं और खबर का आधार सोशल मीडिया बताते हैं। ऐसे मंत्रियों को चुल्लू भर पानी भी नहीं मिलना चाहिए। सवाल यह भी है कि कांग्रेस भारत सरकार के साथ खड़ी है अथवा पाकिस्तानी खबरों की सूत्र बनी है? बहरहाल जब भारत सरकार पाकपरस्त आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया के प्रमुख देशों को ब्रीफ करने के लिए 59 सांसदों-नेताओं के सात प्रतिनिधिमंडल भेज रही है, तब क्या दोगली राजनीति होनी चाहिए? हम पाकिस्तान के आतंकवादी चरित्र को नंगा करना चाहते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# राष्ट्रहित से ज्यादा प्राथमिकता अपनी विचारधारा को देना, हमारे देश व लोकतांत्रिक व्यवस्था का बहुत बड़ा नुकसान



गोंदिया




वैश्विक स्तरपर सबसे युवा देश जिसकी 65 फीसदी आबादी उसकी सबसे मूल्यवान संपत्ति है वह है भारत !जहां दुनियाँ की युवा आबादी का पांचवा हिस्सा है जो एक जनसांख्यिकीय लाभांश पैदा करने की ताकत रखता है, इतिहास गवाह है कि आज तक दुनियाँ में जितने भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, चाहे वे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक,सांस्कृतिक और वैज्ञानिक रहे हों, उनके मुख्य आधार युवा ही रहे हैं। भारत में भी युवाओं का एक समृद्ध इतिहास है। प्राचीनकाल में आदिगुरु शंकराचार्य से लेकर गौतम बुद्ध और महावीर स्वामी ने अपनी युवावस्था में ही धर्म और समाज सुधार का बीड़ा उठाया था।पुनर्जागरण काल में राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती के साथ विवेकानंद जैसे युवा विचारक ने धर्म और समाज सुधार आंदोलन का नेतृत्व किया। इतिहास ने युवाओं की शक्ति का प्रभाव देखा है। उदाहरण के तौर पर भारत की आजादी में अनेक युवाओं ने अपना योगदान दिया और कई युवाओं ने बलिदान तक दिया। इसके परिणामस्वरूप हमारा देश ब्रिटिश सरकार को भागने में कामयाब हुआ। युवाओं ने इस प्रकार अनेक ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। इसलिए आज का युवा भी विजन 2047, विजन 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की देश की अर्थव्यवस्था के महत्वकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जो कार्यबल के साथ साथ बाजार की उपलब्धि करा सकता है।नवाचार, नवोन्मेष, स्टार्टअप,उद्यमशीलता, विविधता की संस्कृति को चला रहे हैं ऐसी मुल्यवान ताकत युवाओं में हमें राष्ट्र हित से जुड़े मुद्दों की समझ विकसित करने, उनकी चिंताओं जिज्ञासाओं को समझकर उनको उत्साहवर्धन करनेकीतात्कालिक खास जरूरत है जो सर्वोपरि राष्ट्र सेवा है, क्योंकि यदि राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा तो हमारा राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, अन्तर्राष्ट्रीय बाधाओं सहित अनेक मुद्दों और विषयों में सुरक्षित होगा।

साथियों बात अगर हम युवाओं को उत्साहवर्धन की करें तो आज अभिभावकों शिक्षकों बुद्धिजीवियों, राजनीतिक नेताओं से लेकर हर उस जानकार व्यक्तित्व का कर्तव्य है कि युवाओं में राष्ट्रहित की भावना को तेजी से विकसित करें युवाओं में यह भाव पैदा करना होगा कि घर से महत्वपूर्ण समाज, उस से महत्वपूर्ण गांव, शहर, राष्ट्र है। इसलिए राष्ट्र हित की भावना सबसे पहले युवाओं में जागृत कराना जरूरी हैं। क्योंकि,युवा राष्ट्रका संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है।हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवापीढ़ी और उनकीउपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं, इसके साथ ही देश का प्रत्येक नागरिक अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट और सर्वोच्च विकास के लिए प्रयासरत रहे। वास्तव में यही राष्ट्रहित है। जाति, धर्म और क्षेत्रीयता की संकीर्ण मानसिकता से उपर उठकर देश के प्रति गर्व की एक गहरी भावना महसूस करना ही राष्ट्रवाद है।

साथियो बात अगर हम भारत के सबसे कम उम्र वाली आबादी होने की करें तो, भारत के 1.35 बिलियन लोग इसे दुनियाँ का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश बनाते हैं, लेकिन औसतन 29 वर्ष की आयु के साथ, यह विश्वस्तर पर सबसे कम उम्र की आबादी में से एक है। जैसे ही युवा नागरिकों का यह विशाल संसाधन कार्यबल में प्रवेश करता है, यह एक जनसांख्यिकीय लाभांश बना सकता है।संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जनसांख्यिकीय लाभांश को जनसंख्या की आयु संरचना में बदलाव के परिणामस्वरूप आर्थिक विकास के रूप में परिभाषित किया जाता है, मुख्यतः जब कामकाजी उम्र की आबादी आश्रितों की संख्या से बड़ी होती है। साथियों बात अगर हम युवाओं में राष्ट्रहित, राष्ट्रीयता भावना जगाने की करें तो, पहला कार्य व्यक्ति निर्माण का है और राष्ट्रीयसंस्कार व्यक्ति में बनेंगे तो निश्चित तौर से वह निज हित से ऊपर राष्ट्र हित को प्राथमिकता देगा। देश के हर वर्ग के युवा राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझे तभी हम एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर पाएंगे। युवाओं को हमरे पूर्वजों से प्रेरणा लेनी चाहिए संस्कृति को समझना होगा। युवा संगठन से ऑनलाइन जुड़कर भी देश को मजबूती दे सकते हैं।राष्ट्र से बड़ा कोई संगठन नहीं है और राष्ट्रीय भाव से बड़ी विचारधारा नहीं हो सकती। इसलिए आज नौजवानों में राष्ट्रीयता की भावना को जगाने की जरूरत है। साथियों बात अगर हम बच्चों, युवाओं में राष्ट्रहित राष्ट्रवाद को गहराई से समझाने की करें तो, प्रत्येक नागरिक के लिए अपने राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शन करना अनिवार्य है क्योंकि हमारा देश अर्थात हमारी जन्मभूमि हमारी मां ही तो होती है। जिस प्रकार माता बच्चों को जन्म देती है तथा अनेक कष्टों को सहते हुए भी अपने बच्चों की खुशी के लिए अपने सुखों का परित्याग करने में भी पीछे नहीं हटती है उसी प्रकार अपने सीने पर हल चलवाकर हमारे राष्ट्र की भूमि हमारे लिए अनाज उत्पन्न करती है, उस अनाज से हमारा पोषण होता है। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार, पीएम ने कहा, एक बात जिसने हमारे लोकतंत्र व्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंचाया वह है राष्ट्रहित से ज्यादा प्राथमिकता अपनी विचारधारा को देना।अगर कोई विचारधारा यह कहती है कि देशहित के मामलों में भी मैं इसी दायरे में काम करूंगा तो यह रास्ता सही नहीं है। दोस्तों यह गलत है। आज हर कोई अपनी विचारधारा पर गर्व करता है। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन फिर भी हमारी विचारधारा राष्ट्रहित के विषयों में राष्ट्र के साथ नजर आनी चाहिए। राष्ट्र के खिलाफ कतई नहीं। आप देश के इतिहास में देखिए जब -जब देश के सामने कोई कठिन समस्या आई है हर विचारधारा के लोग राष्ट्रहित में एक साथ आए हैं। आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हर विचारधारा के लोग एक साथ आए थे। उन्होंने देश के लिए एक साथ संघर्ष किया था। उन्होंने कहा, आपातकाल के खिलाफ आंदोलन में कई राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता और संगठन के लोग भी थे।

# आरक्षण: पीढ़ीगत विशेषाधिकार या वास्तविक न्याय

आरक्षण भारतीय समाज में सदियों से व्याप्त असमानताओं को समाप्त करने और वंचित समुदायों को मुख्यधारा में लाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। लेकिन समय के साथ यह एक पीढ़ीगत विशेषाधिकार बनता जा रहा है, जिससे वास्तविक जरूरतमंद वंचित रह जाते हैं। आर्थिक आधार और समय-समय पर समीक्षा की अनिवार्यता इस व्यवस्था को और अधिक न्यायसंगत बना सकती है। यदि हम एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण करना चाहते हैं, तो आरक्षण नीति में सुधार और पुनर्गठन की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे। भारत में आरक्षण का मुद्दा हमेशा से एक संवेदनशील और विवादास्पद विषय रहा है। यह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और ऐतिहासिक उत्पीड़न के निवारण का एक महत्वपूर्ण उपकरण माना जाता है। परंतु जैसे-जैसे समय बीतता गया, आरक्षण की अवधारणा अपने मूल उद्देश्यों से भटकती प्रतीत होती है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस बी.आर. गवई का बयान इस बहस को एक नई दिशा में ले जाता है, जिसमें उन्होंने कहा कि संपन्न लोगों को आरक्षण से बाहर करने का निर्णय संसद को करना चाहिए। उनका यह कथन कई सवाल खड़े करता है झ क्या आरक्षण का वास्तविक लाभ उस वर्ग तक पहुंच रहा है जिसके लिए यह बनाया गया था? क्या यह व्यवस्था अब सुधार और पुनर्विचार की मांग करती है?

**आरक्षण का मूल उद्देश्य:** आरक्षण का आरंभ भारतीय समाज में व्याप्त गहरी सामाजिक असमानताओं को समाप्त करने और सदियों से वंचित समुदायों को मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से हुआ था। यह एक ऐसा साधन था जिससे सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर कर समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके। संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर ने आरक्षण को एक अस्थायी उपाय के रूप में प्रस्तुत किया था, ताकि दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों को न्याय और अवसर मिल सके। उनका उद्देश्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना था जहाँ जातीय भेदभाव और सामाजिक उत्पीड़न का कोई स्थान न हो। यह केवल सरकारी नौकरियों और शिक्षा तक सीमित नहीं था, बल्कि एक समग्र सामाजिक सुधार की दिशा में एक साहसिक कदम था।



डॉ सत्यवान सौरभ

**समस्या का असली चेहरा:** लेकिन, धीरे-धीरे यह व्यवस्था उन परिवारों के लिए एक पीढ़ीगत विशेषाधिकार बनती जा रही है जो पहले ही सशक्त हो चुके हैं। न्यायमूर्ति गवई का यह कहना कि जब एक व्यक्ति कअर या कढर बन जाता है, तो उसके बच्चे उसी समाज की कठिनाइयों का सामना नहीं करते हैं, एक महत्वपूर्ण सत्य की ओर इशारा करता है। एक अधिकारी का परिवार उच्च शिक्षा, बेहतर जीवनशैली और संसाधनों तक सहज पहुंच के कारण वास्तविक वंचितों से कोसों दूर हो जाता है। यह स्थिति केवल सरकारी सेवाओं में ही नहीं, बल्कि निजी क्षेत्र, उच्च शिक्षा संस्थानों और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में भी देखी जा सकती है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या इन परिवारों को लगातार आरक्षण का लाभ मिलना न्यायसंगत है?

**आर्थिक आधार की अनिवार्यता:** आरक्षण का प्रमुख उद्देश्य केवल जातीय भेदभाव को समाप्त करना ही नहीं था, बल्कि आर्थिक असमानता को भी दूर करना था। परंतु आज आरक्षण का आधार अधिकतर जातीय पहचान पर आधारित है, जबकि वास्तविकता में आर्थिक स्थिति भी एक महत्वपूर्ण कारक होनी चाहिए। संपन्न वर्गों को आरक्षण से बाहर करने की बात करना इस दिशा में एक आवश्यक कदम हो सकता है, ताकि वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके। यह दृष्टिकोण न केवल संसाधनों का अधिक न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करेगा, बल्कि समाज में वास्तविक समता और न्याय की भावना को भी बढ़ावा देगा।

**आरक्षण की सामाजिक चुनौतियाँ:** आरक्षण की व्यवस्था कई बार राजनीतिक लाभ और वोट बैंक की राजनीति का शिकार हो जाती है। इससे वास्तविक जरूरतमंद तबके पीछे छूट जाते हैं। इसके अतिरिक्त, आरक्षित वर्गों में भी एक प्रकार का वर्ग विभाजन उभरने लगा है, जहाँ कुछ परिवार लगातार इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं, जबकि अन्य अब भी हाशिये पर हैं। यह प्रवृत्ति न केवल आरक्षण के मूल उद्देश्य को कमजोर करती है, बल्कि सामाजिक तनाव और अन्याय की भावना को भी बढ़ाती है।

**संसद की जिम्मेदारी:** अब समय आ गया है कि संसद इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करे। यह तय करना होगा कि क्या आरक्षण का लाभ उन परिवारों तक सीमित रहना चाहिए जो वास्तविक रूप से वंचित और पिछड़े हैं। यह बदलाव सामाजिक न्याय की उस मूल भावना के अनुकूल होगा जिसके लिए आरक्षण की व्यवस्था बनाई गई थी। यह निर्णय केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। साथ ही, यह एक ऐसी प्रणाली की मांग करता है जो समय-समय पर आरक्षण की प्रासंगिकता की समीक्षा कर सके।

**समाधान की दिशा:** आरक्षण का लाभ केवल एक पीढ़ी तक सीमित किया जाए। आर्थिक आधार को शामिल कर जातिगत और आर्थिक पिछड़ेपन का समुचित आकलन किया जाए। संपन्न परिवारों के बच्चों को आरक्षण से बाहर रखा जाए, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों तक इसका लाभ पहुंचे। आरक्षण की समीक्षा एक निश्चित अवधि पर की जाए ताकि इसके वास्तविक लाभार्थियों की पहचान हो सके। शिक्षा और रोजगार में समावेशी नीतियों को बढ़ावा दिया जाए ताकि सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके। आरक्षण की प्रभावशीलता पर समय-समय पर पारदर्शी शोध और सर्वेक्षण किए जाएँ ताकि इसके वास्तविक लाभार्थियों की स्थिति का आकलन हो सके। क्षेत्रीय और ग्रामीण स्तर पर शिक्षा और कौशल विकास में सुधार लाया जाए ताकि वंचित वर्गों की वास्तविक क्षमता को निखारा जा सके। राजनीतिक दखलंदाजी को सीमित कर आरक्षण नीति को एक दीर्घकालिक और निष्पक्ष दृष्टिकोण से देखा जाए।

**नया सवेरा:** आरक्षण एक संवेदनशील और जटिल विषय है, लेकिन समय के साथ इसके ढांचे में बदलाव की आवश्यकता है। जस्टिस गवई का बयान एक महत्वपूर्ण बहस की ओर इशारा करता है जो हमारे समाज की प्रगति और न्याय की नई परिभाषा को आकार दे सकता है। यदि हम वास्तव में एक समतामूलक समाज का निर्माण करना चाहते हैं, तो हमें आरक्षण की नीति को समय के साथ सुधारना और पुनर्गठित करना होगा।

यह न केवल संविधान के मूल उद्देश्यों का सम्मान होगा, बल्कि एक बेहतर और अधिक न्यायपूर्ण समाज की दिशा में एक आवश्यक कदम भी।

## ममता शर्मा

## ये 12वीं पास वाले लड़के

कविता



ये ट्वेल्थ पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं,
पंख है छोटे फिर भी ऊंची उड़ान भरते हैं,
कहते हैं छोड़ दो हाथ मेरा,
और कुछ दूर जाते ही मन में मलाल करते हैं,
ये 12वीं पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।

नुक्स निकलते हैं अपनी मां में,
और दोस्तों की मां को मिसाल करते हैं,
हर बात के लिए मां को दोषी करार करते हैं,
ये ट्वेल्थ पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।

जेब में अपना पैसा नहीं सपने हजार बुनते हैं,
और मां–बाप की कमाई पर एश बेशुमार करते हैं,
ये 12वीं पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।

कुछ दोस्तों के लिए घर में बवाल करते हैं,
और कभी–कभी तो मां–बाप का जीना भी दुश्वार करते हैं,
ये ट्वेल्थ पास वाले लड़के बड़ा कमाल करते हैं।

लोगों की बातों का बड़ा ख्याल करते हैं,
दूसरों का समय से पहले काम करते हैं,
आते ही घर की बारी माथे में सलवटें हजार भरते हैं,
ये ट्वेल्थ पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।

नादानियां इतनी है कि मां–बाप हर बार माफ करते हैं,
गुस्सा इतना कि खुद की जिंदगी खाक करते हैं,
यह 12वीं पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।

दुखाते हैं दिल कभी मां का,
कभी बाप से 100 सवाल करते हैं,
ये 12वीं पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।

समझने वाले इनके दुश्मन हजार लगते हैं,
बढ़ावा दे जो उनकी गलतियों को वहीं इनके बस रिश्तेदार लगते हैं,
ये 12वीं पास वाले लड़के भी बड़ा कमाल करते हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारत के बौद्धिक तथा समग्र विकास के लिए युवाओं की बड़ी भूमिका



संजीव ठाकुर

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, वर्तमान का कठोर श्रम सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर होता है। इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि ₹आशाओं पर आकाश टिका हुआ है₹ और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरूआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है। सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड-19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है। यह आसान काम नहीं था किंतु पूरे देश के नागरिकों एवं अग्रिम नेताओं की सकारात्मक सोच तैयारी एवं संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही संभव हो पाया। आज हमारे सामने समाज में जो भी हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं, वे कभी चुनौतियों के सामने झुके नहीं और ना ही उन्हें किसी प्रकार की समाजिक कठिनाई अथवा चुनौती झुका पाई और यही कारण है।

# जिलाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी पुष्टाहार वितरण कर बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर** : जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड नजीबाबाद की ग्राम मेदूवाला (ग्राम पंचायत मोहम्मद अमीखानपुर) में आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्थानीय ग्रामवासियों की समस्याओं का उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, प्रशिक्षू आईएएस कुणाल रस्तोगी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नजीबाबाद, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर, जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी अजय कुमार, डीसी मनरेगा व एन आर एल एम सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं ग्रामीण बंधु मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने ग्राम की महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें और समय समय पर मिड डे मिल की क्वालिटी का चेकअप भी करें ताकि बच्चों को मानक के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि अपने शिशुओं और गर्भवती महिला को आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत कराएं ताकि वहां उनका नियमित स्वास्थ्य चैक अप, समय पूर्वक टीकाकरण और पौष्टिक आहार प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी आवाहन किया की सभी ग्रामवासी एवं महिलाएं अपने बच्चों को स्कूल के बाद ग्राम में स्थापित लाइब्रेरी में अध्ययन के लिए भेजें और उन्हें किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें ताकि उनके उज्जवल भविष्य की राह हमवार हो सके। उन्होंने विकास से संबंधित विभाग के अधिकारियों निर्देशित किया कि ग्राम में जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित लाभार्थियों को शत-शत रुप से संतृप्त करने के लिए कैंपों का आयोजन करें और कोई भी पात्र व्यक्ति शासकीय जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाए। समीक्षा के दौरान प्राथमिक विद्यालय सही अवस्था में पाया गया जिसमें एक लाइब्रेरी भी संचालित पाई गई। इसके अलावा एक अतिरिक्त लाइब्रेरी पंचायत घर में भी संचालित होना बताया गया। लिंक मार्ग क्षतिग्रस्त पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारी निर्देश दिए कि तत्काल उसकी समुचित मरम्मत करना सुनिश्चित करें। गांव में 19 वृद्धावस्था पेंशन, 13 निराश्रित महिला पेंशन तथा 2 विकलांग पेंशन के लाभार्थी पाए गए, जिनके द्वारा समय पूर्वक पेंशन उपलब्ध होना बताया गया। गांव में 286 राशन कार्ड तथा 14 अंत्योदय कार्ड धारक पाए गए तथा राशन का वितरण भी सही होना प्रकाश आया। राजस्व कार्यों के अंतर्गत गांव में शत प्रतिशत रूप से विरासत दर्ज पाई गई तथा राजस्व विभाग का कोई विवादित मामला भी प्रकाश में नहीं आया।

# सिलसिलेवार तरीके से मंदिरों में हो रही चोरियों पर हरिद्वार पुलिस ने किया खुलासा

**वेलकम इंडिया**

**राजीव चौधरी। झबरेड़ा।** हरियाणा पहुंची टीम ने सुल्तान अहमद को दबोचा पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में दर्जनों मंदिरों से चोरी का खुलासा चोरी का माल खरीदने के जुर्म में कबाड़ी का नाबालिक बेटा भी धरा लड्डू गोपाल सहित विभिन्न मंदिरों से चुराया हुआ सामान किया गया बरामद आरोपी मंदिरों से चोरी मामलों में सहारनपुर और देहरादून से भी जा चुका है जेल दिनांक 16.05.2025 को थाना झबरेड़ा पर क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकित त्यागी द्वारा तहरीर दी गई ग्राम बेहेडेकी सैदबाद स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री कन्हैया जी मन्दिर में दिनांक 14/05/2025 को अज्ञात चोर द्वारा लड्डू गोपाल जी की पीतल की मूर्ति शीशा जोडकर चोरी कर ली है। शिकायत पर थाना झबरेड़ा पर मु0अ0स0 150/25 धारा 305(f)बी0एन0एस0



पंजीकृत किया गया। भगवानपुर क्षेत्र मे भी इस प्रकार की अन्य घटना का होना प्रकाश में आया। धार्मिक आस्था से जुड़े मामले की जल्द खुलासे के संबंध में कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा दिए गए निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने अभियुक्त के हुलिये की तस्दीक के लिए इसी पैटर्न से मंदिरों मे चोरी करने वाले अपराधियों का डाटा खंगाला तो पुलिस को जानकारी मिली कि बीते वर्ष उत्तर प्रदेश के सहारनपुर रेलवे स्टेशन के पास शिव मंदिर से चांदी का नाग चुराने में जिस आरोपी को जेल भेजा गया था उसका हुलिया झबरेड़ा व भगवानपुर क्षेत्र मे मंदिरों मे चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले संदिग्ध से मिल रहा है।

# दामाद व पुत्रियो ने धोखाधड़ी से खेत की जमीन का दानपत्र कराया, जिलाधिकारी से की शिकायत

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर** : चांदपुर तहसील क्षेत्र के गांव पैजनियां निवासी महेश कुमार के दामाद ने धोखाधड़ी से खेत की लगभग दो बीघा जमीन का दानपत्र करा लिया। पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। चांदपुर तहसील क्षेत्र के गांव निवासी महेश कुमार पुत्र मंगू लाल ने डीएम जसजीत कौर को शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया है कि मेरा दामाद नीरज कुमार कड़ापुर थाना हल्दौर ने 24 नवंबर 2024 को दामाद नीरज कुमार व दोनो पुत्री मोनिका व सोनी ने मुझ से कहा कि आपकी पेंशन बनवानी है और आपको चांदपुर तहसील में चलना पड़ेगा और में अपने दामाद नीरज और दोनों पुत्रियों के साथ चला गया। पीड़ित ने कहां मै अनपढ़ व्यक्ति हू मेरे दो पुत्री है और पत्नी भी नही है मै अकेला व्यक्ति है। कुछ दिन पूर्व पता चला कि मेरे खेत की जमीन का दानपत्र हो गया तो मैं तहसील पहुंचा और अधिकारियों के सामने पेश होकर दान पत्र के खिलाफ एक आपत्ति दर्ज कराई। आरोप है कि दामाद नीरज कुमार व दोनों पुत्रियो ने धोखाधड़ी से मेरी खेत की लगभग दो वीघा जमीन का दानपत्र कर लिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि खेत की जमीन पर आपत्ति दर्ज होने के बाद भी अधिकारियों ने खेती की जमीन का दाखिल खारिज भी कर दिया। पीड़ित अधिकारियों के चक्कर लगाकर योगी सरकार से इंसाफ की गुहार लगा रहा है।

# यूनीवर्सल एकेडमी में मनायी गयी स्प्लैश पूल पार्टी

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर** : गर्मी से निजात पाने के लिए यूनिवर्सल एकेडमी में कक्षा नर्सरी से कक्षा यूकेजी तक के बच्चों की पूल पार्टी का आयोजन किया गया। गर्मी का मौसम मस्ती करने के लिए सबसे अच्छा होता है। इसलिए, गर्मी से बचने के लिए, यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर के नन्हे-मुन्नों बच्चों के लिए स्प्लैश पूल पार्टी का आयोजन किया गया। प्री-प्राइमरी विंग के सभी बच्चों ने पानी में छप-छप करके गर्मी से बचने का फैसला किया और खूब मौज-मस्ती की। इस गतिविधि ने उनके चेहरों पर मुस्कान ला दी, इसलिए जब उन्हें पानी में डुबकी लगाने की अनुमति दी गई तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

इस गतिविधि का आयोजन कोऑर्डिनेटर अनीता चौधरी गतिविधि प्रभारी, नर्सरी विभाग की टीचर्स खुशी, प्राची, राखी, मिली, फराह, सरिता के द्वारा किया गया था। मनमोहक साज सजावट नितिन चौधरी व उनकी टीम के द्वारा की गई। बच्चों ने पूल पार्टी में जहां तैराकी की वहीं आज ब्लू है पानी पानी आदि गानों पर जमकर थिरके । साथ ही पूल पार्टी में जमकर लुफ्त उठाया। बच्चों को फन गेम भी कराए गए। बच्चों ने रंगीन छाते व चश्मा लगाकर रेन डांस भी किया। सभी बच्चों ने खाने का लुत्फ उठाया जिसमें पिज्जा, फ्रेंच फ्राइज, चाऊमीन, कोल्ड ड्रिंक के मजे लिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी व उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने बताया कि बच्चों को तपती गर्मी से राहत दिलाने के लिए इस एक्टिविटी का आयोजन किया गया। और बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों में प्रतिभाग करना चाहिए। इससे बच्चों के मानसिक व शारीरिक दोनों का विकास होता है।

# थाना खानपुर क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद, दिन दहाड़े काटे नीम शीशम के हरे भरे पेड़

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** : भले ही उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर वृक्षारोपण के बड़े बड़े अभियान चला रही हो, वहीं दूसरी ओर थाना खानपुर क्षेत्र के गांव काचरोट में लकड़ी माफियाओं के हौसले चौंका देने वाले हैं। स्थानिया पुलिस वन विभाग की मिलीभगत से लकड़ी माफियाओं ने बेखौफ होकर नीम शीशम के के हरे भरे पेड़ों की कटाई शुरू कर दी है।.. काचरोट में सोमवार की रात को लकड़ी माफियाओं ने आधा दर्जन पेड़ो को दिन दहाड़े काट डाला। केवल इतना ही नहीं पेड़ो को जड़ से उखाड़ कर मिटा दिया गया। ताकि किसी को भनक तक न लगे। लकड़ी माफिया बेखौफ होकर हरे भरे पेड़ो को काटकर अपने ट्रैक्टर ट्रॉली में लाद कर ले गए। अफसोस की बात यह है कि वन विभाग को इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। जब इस संबंध में वन विभाग के कर्मचारी से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि हमें कटान की कोई जानकारी नहीं है। यदि पेड़ो की कटाई अवैध है, तो हम जांच कर दोषियों पर कारवाई करेंगे। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब वन विभाग और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के चलते लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं, तो कारवाई कब होगी? इस मामले ने पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय निवासियों के बीच चिंता बढ़ा दी है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब अधिकारियों की नाक के नीचे ये सब हो रहा है, तब पर्यावरण की सुरक्षा और वृक्षारोपण अभियान के सच्चे उद्देश्य को हासिल करना मुश्किल है

# बिल्लियों की सेवा कयामत के दिन हमारी नेकियों का पैमाना बन जाती है : नौशाद मलिक

**वेलकम इंडिया**

**बागपत, उत्तर प्रदेश। विवेक जैन।** रॉयल हेल्प लाइफ संस्था के चेयरमैन व प्रमुख समाजसेवी नौशाद मलिक को बिल्लियों से गहरा लगाव है। नौशाद मलिक ने बताया कि इस्लामी परम्परा में बिल्लियों का एक महत्वपूर्ण स्थान है और मुस्लिम समाज में बिल्लियां पालतू जानवरों के रूप में बहुत लोकप्रिय है। बताया कि बिल्लियों को हलाल जानवरों के रूप में नही माना जाता है। पैगंबर मुहम्मद - सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने बिल्लियों को प्यार से पाला और उनसे प्यार किया। बताया कि पैगंबर मुहम्मद - सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम बिल्लियों के प्रति दयालु थे और उनके समय में बिल्लियों को मारने वालों को सजा का प्रावधान था। बताया कि मुस्लिम समाज में बिल्लियों को आशीर्वाद के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। उनको धार्मिक रूप से शुद्ध माना जाता है और उन्हें घरों व मस्जिदों में भी स्वतंत्र रूप से प्रवेश करने की अनुमति होती है। नौशाद मलिक ने कहा कि हमें बिल्लियों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए, उन्हें चोट नहीं पहुँचानी चाहिए, उन्हें प्रताड़ित नही करना चाहिए और उन्हें अनदेखा नही करना चाहिए।



# स्टेट बैंक एटीएम को पुनः प्रारंभ करने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/बलदेव।** कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम में विगत एक माह पूर्व शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग जाने से एटीएम मशीन व पासबुक प्रिंटिंग मशीन जल गई थी, लेकिन अभी तक भारतीय स्टेट बैंक द्वारा न ही नया एटीएम लगाया गया है और ना ही पासबुक प्रिंटिंग मशीन लगाई गई है।जिससे स्थानीय बाशिंदों व दूर दराज से दाऊजी महाराज के दर्शन को आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि बलदेव एक धार्मिक नगरी है जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दाऊजी महाराज के दर्शनार्थ आते हैं। बलदेव विकास मंच के संयोजक डॉ.जगदीश पाठक व सह संयोजक सुजीत वर्मा ने भारतीय स्टेट बैंक बलदेव के शाखा प्रबन्धक को ज्ञापन देकर ग्राहकों व बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए तत्काल एटीएम मशीन लगवाए जाने की मांग की ,इसके साथ ही बैंक के अंदर पास बुक प्रिंटिंग की व्यवस्था कराए जाने को कहा है। दस से पंद्रह दिनों में एटीएम सेवा व पासबुक एंट्री सेवा की मशीन को पुनः शुरू करा दिया जाएगा। नवीन चयनित स्थान पर बैंक शाखा स्थानांतरित हो रही है लेकिन उनकी कोशिश रहेगी कि एटीएम नवीन स्थान के साथ साथ वर्तमान स्थान पर भी लगा रहे।इसके लिए उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है।

# आर्थिक विकास के लिए महिलाओं में कौशल विकास जरूरी-पूनम परिहार

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार**




हापुड़ जनपद में स्वयं सेवी संस्था संदेश द्वारा महिलाओं में कौशल विकास के उद्देश्य से संचालित नारी शक्ति केंद्र में प्रमाणपत्र वितरित किये गये। संदेश के परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज ने बताया कि संस्था द्वारा संचालित नारी शक्ति कटाई-सिलाई प्रशिक्षण केंद्र सपनावत, इकलेहड़ी, शौलाना, बासतपुर, ऊंचा अमीरपुर व रसूलपुर से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं व युवतियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गये। प्रमाण पत्र करते हुए संदेश संस्था सचिव पूनम सिंह परिहार ने बताया कि महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से संदेश द्वारा नारी शक्ति प्रशिक्षण केन्द्र चलाये जा रहे हैं। यदि समाज व परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है तो महिलाओं को कौशल विकास देकर ही सशक्त बनाया जा सकता हैं। क्योंकि महिलाएं परिवार व समाज की रीढ़ होती है। संदेश संस्था द्वारा महिलाओं व युवतियों को कटाई-सिलाई, ब्यूटीशियन व कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाता हैं तथा छः माह के प्रशिक्षण के पश्चात प्रमाण पत्र दिया जाता हैं। संदेश स्कूल की प्रधानाध्यापिका मंजुला बिष्ट ने नारी शक्ति कटाई-सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिला व युवती प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सी वाई टी0 बी0 इंजेक्शन से उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों में होगी टी0 बी0 संक्रमण की पहचान डॉ0 सुनील कुमार त्यागी

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0सुनील कुमार त्यागी की अध्यक्षता में आज जिला महिला चिकित्सालय कोठी गेट हापुड़ में सी वाई टी0 बी टीकाकरण का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह ने बताया की जनपद में सी वाई टी0 बी इंजेक्शन के माध्यम से उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों में टी0 बी0 संक्रमण की पहचान की जा सकेगी संक्रमण की पुष्टि के बाद रोगी को टी0 बी0 से बचाव हेतु दवाई दी जाएगी उन्होंने स्पष्ट किया कि यह इंजेक्शन केवल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध होगा तथा इसका उद्देश्य केवल टी0 बी0 संक्रमण की जांच करना है यह टीवी रोधी टीका नहीं है यह इंजेक्शन केवल 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को ही दिया जाएगा उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों पी एल एचआईवी एवं सी एल एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को यह इंजेक्शन नहीं लगेगा यह उन व्यक्तियों को प्राथमिकता से लगाया जाएगा जो उच्च जोखिम श्रेणी में आते हैं जैसे डायलिसिस पर चल रहे मरीज हृदय एवं सांस के रोगी डायबिटीज के रोगी गंभीर बीमारियों से ग्रस्त व्यक्ति तथा टीवी मरीजों के साथ या संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों को लगाया जाएगा। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राकेश यादव, डॉक्टर सतीश डोभाल आदि उपस्थित रहे।

# जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज अमरगढ़ में अहिल्याबाई होल्कर जयंती रंगोली दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन





**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** ऊंचागांव क्षेत्र के अमरगढ़ में जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन एवं योगदान पर रंगोली प्रतियोगिता एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक दौड़ हुई इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में रानी अहिल्याबाई होलकर के त्याग, सेवा, न्यायप्रियता तथा नेतृत्व गुणों को उजागर करना एवं नारी शक्ति को प्रेरित करना था। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन प्रसंगों, सामाजिक कार्यों और उनके ऐतिहासिक योगदान को रंगों के माध्यम से सुंदरता से प्रदर्शित किया। महिला सशक्तिकरण के लिए आयोजित दौड़ में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दौड़ का शुभारंभप्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी व शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सहायक अध्यापक दीपांशु.ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर जैसे प्रेरणादायी व्यक्तित्व बेटियों को नेतृत्व और आत्मबल का पाठ पढ़ाते इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय में सम्मनित किया दौड़ प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग मैं निधि प्रथम द्वितीया स्थान पर नजराना पर तृतीया स्थान जीविका नाजिश लवी राखी कविता कल्पना अनीशा भाषण प्रतियोगिता में अल्ताशा कविता राखी लक्ष्मी आदि को पुरस्कार मिलने पर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर एक अलग खुशी दिखाई

# एक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जल्द दौड़ेंगी नमो भारत और मेरठ मेट्रो, सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में आएगी नई क्रांति

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



एक अनूठी पहल के तहत देश में पहली बार एक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर इंटरसिटी यानी दिल्ली से मेरठ को जोड़ने वाली सेमी-हाई-स्पीड ह्यट्रेन नमो भारत और मेरठ शहर में चलने वाली मेरठ मेट्रो, जल्द दौड़ती नजर आएंगी। ये भारतीय परिवहन परिदृश्य में नई क्रांति लाने जा रही हैं। अत्याधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली और अनुकूलित समय-सारणी से नमो भारत और मेरठ मेट्रो - दिल्ली, मेरठ व आसपास के क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को नया आयाम देंगी, जिससे तीव्र, सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा संभव होगी तथा लाखों लोग इससे लाभान्वित होंगे। नमो भारत की अधिकतम ऑपरेशनल स्पीड 160 किमी प्रति घंटा है जो फिलहाल दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक संचालित हो रही है। वहीं, देश की सबसे तेज मेट्रो-मेरठ मेट्रो 120 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति से चलने में सक्षम है जो मेरठ साउथ से मोदीपुरम डिपो तक 13 स्टेशनों के बीच संचालित होगी जिससे ना सिर्फ लोगों के यात्रा समय में भारी बचत होगी बल्कि जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। एक ही बुनियादी ढांचे पर दोनों परिवहन साधनों का संचालन एक महत्वाकांक्षी परियोजना है और भारतीय परिवहन क्षेत्र में बड़े बदलाव का प्रतीक है। आने वाले समय में देश के अन्य शहरों में भी यह मॉडल देखने को मिलेगा। एक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सुचारू संचालन के लिए, नमो भारत और मेरठ मेट्रो, दोनों की अनुकूलित समय-सारणी बनाई जाएगी। नमो भारत ट्रेन फिलहाल हर 15 मिनट में उपलब्ध है, जो सराय काले खां से मोदीपुरम तक के पूरे कॉरिडोर के संचालन के बाद 10 मिनट तक होने की संभावना है। मेरठ मेट्रो की फ्रीक्वेंसी संभवतः 7 मिनट की रहेगी। नमो भारत व मेरठ मेट्रो एक आधुनिक परिवहन प्रणाली है जिसका संचालन केंद्रीयकृत परिचालन नियंत्रण केंद्र (ओसीसी) से होता है। एनसीआरटीसी ने दुनिया में पहली बार एलटीई बैकबोन पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) से एकीकृत करते हुए यूरोपीय ट्रेन कंट्रोल सिस्टम (ईटीसीएस) लेवल-2 को लागू किया है, जिसमें ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) और ऑटोमेटिक ट्रेन सुपरविजन (एटीएस) सब-सिस्टम शामिल हैं। एटीपी एक सुरक्षा प्रणाली जो यह सुनिश्चित करती है कि ट्रेनें सुरक्षित गति सीमा और सिग्नल अनुपालन के भीतर संचालित हों। वहीं, एटीएस समय-सारिणी का पालन बरकरार रखने और व्यवधानों को न्यूनतम करने के लिए ट्रेन परिचालन की निगरानी और नियंत्रण की प्रणाली है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर को भी ईटीसीएस सिग्नलिंग सिस्टम के साथ एकीकृत किया गया है। ट्रेन शेड्यूल बनाते हुए एनसीआरटीसी ने यात्रियों की सुविधा का खास ध्यान रखा है। मेरठ में ऐसे स्टेशनों पर आइलैंड प्लेटफॉर्म की व्यवस्था की गई है, जहां मेरठ मेट्रो और नमो भारत का ठहराव होगा। एक तरफ नमो भारत और दूसरी तरफ मेरठ मेट्रो मिलेगी, आप एक से उतरकर सामने वाले प्लेटफॉर्म से दूसरी ट्रेन पकड़ सकते हैं। एक ही दिशा में जाने के लिए यात्रियों को ज्यादा चलने की असुविधा नहीं होगी। उदाहरण के लिए, यदि किसी यात्री को मोदीनगर नॉर्थ से मेरठ नॉर्थ (मेट्रो स्टेशन) जाना है तो उसे बेगमपुल तक नमो भारत में सफर करना होगा और फिर इसी स्टेशन पर उतरकर अगली मेट्रो में यात्रा करनी होगी। बेगमपुल स्टेशन को इस तरह डिजाइन किया गया है, जहां आइलैंड प्लेटफॉर्म हैं।

# एसटीएफ टीम ने मोनार्ड विश्व विद्यालय में फर्जी डिग्री घोटाले में शामिल 11 वें आरोपित गिरफ्तार किया

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़/एसटीएफ टीम के सीओ संजीव कुमार के नेतृत्व में 50 अधिकारियों कर्मचारियों की टीम के द्वारा मोनार्ड यूनिवर्सिटी में छापामार कार्यवाही कर हार्डडिस्क कंप्यूटर लैपटॉप अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद करते हुए 10 लोगों को हिरासत में लेकर विधिक वैधानिक कार्यवाही कार्यवाही की गई। जिसमें संदीप सेहरावत, कमल बत्रा, विपुल, ताल्या चौधरी, इमरान, गौरव शर्मा, मुकेश ठाकुर, नितिन सिंह, सनी कश्यप, कुलदीप, सहित 10 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। वहीं फर्जी डिग्री घोटाले में 11 वें आरोपी राजेश को हरियाणा से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2000 फर्जी डिग्रियां बरामद हुई हैं। जिसने पूछताछ में एक प्रिंटिंग प्रेस से पीएचडी एल एल बी, बीफार्मा, डी फार्मा, बी टेक सहित अन्य कोर्सेज की डिग्रियां तैयार करा कर उत्तराखंड हरियाणा राजस्थान पंजाब एनसीआर क्षेत्र में बेचना स्वीकार किया है। मोनाड विश्वविद्यालय से जुड़े इस फर्जी डिग्री गोरखधंधे का मुख्य आरोपी बिजेंद्र हुड्डा निवासी कंकर खेड़ा मेरठ फर्जी डिग्री मार्कशीट तैयार कराकर 5000 से ?5 लाख में करता था बिक्री। वहीं नोएडा में हुए 15000 करोड़ के बाइक वोट घोटाले का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। इस घोटाले को लेकर जिस पर ?500000 का इनाम भी घोषित किया गया था।

# एसपी ने थाने में आने वाले पीड़ितों से दुर्व्यवहार करने वाले तीन उप निरीक्षक एवं एक आरक्षी को किया लाइन हाजिर

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़/डीआईजी मेरठ जोन कल निधि नैथानी के आदेश अनुक्रम में थाने आने वाले पीड़ितों की फरियाद को सरकार की मनसा के अनुरूप सुनकर तत्काल प्रभाव से न्याय देने के मामले में लापरवाही बरतने एवं दुर्व्यवहार करने वाले तीन उप निरीक्षक एवं एक आरक्षी को एसपी द्वारा तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है।

बता दें कि एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा जनपद की कानून सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त सुदृढ़ बनाने के साथ थाने में आने वाले पीड़ित की फरियाद को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उसको न्याय देने को लेकर जहां एड़ी चोटी का जोर लगाया जा रहा है। वही थानों में तैनात कुछ पुलिस कर्मचारियों के द्वारा थाने में आने वाले पीड़ितों के साथ दुर्व्यवहार करने एवं अपने कार्य में शिथिलता बरतने का मामला संज्ञान में आने पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए सिंभावली थाने में तैनात उप निरीक्षक अग्नपाल सिंह राठी, थाना कपूरपुर में तैनात उप निरीक्षक नसीम, थाना हापुड़ देहात में तैनात उप निरीक्षक विनोद, एवं गढ़मुक्तेश्वर में तैनात आरक्षी मोहित सिरोही को लाइन हाजिर किया गया है। वहीं एसपी के द्वारा की गई इस कार्यवाही को लेकर हापुड़ पुलिस महक में हड़कंप मचा हुआ है।

# हापुड़ देहात पुलिस ने अष्टधातु की मूर्ति चोरी करने वाले को किया गिरफ्तार


**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठपत्रकार**



हापुड़/हापुड़ देहात पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक सवार बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में एक बदमाश को पर में गोली लगने पर घायल अवस्था में मंदिर से चोरी की गई। राधा रानी लड्डू गोपाल की अष्टधातु की मूर्ति सहित किया गिरफ्तार। वही इस मामले को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि साइलो द्वितीय चौकी प्रभारी जसवंत सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ ग्रस्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो बाइक सवार बदमाश मेरठ रोड से होते हुए मंदिर से चोरी की गई दो मूर्तियों को बिक्री करने के लिए जा रहे हैं। तभी उन्होंने वाहनों की सघन चेकिंग करनी शुरू कर दी इसी बीच बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिया। जिन्हें रोकने का इशारा करने पर विपरीत दिशा को भागने लगे और पुलिस पर फायर झोक दिया। पुलिस के द्वारा अपने बचाव को लेकर चलाई गई गोली बदमाश के पैर में लगी और वह घायल हो गया। घायल अवस्था में गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से यशोदा मंदिर से चोरी की गई अष्टधातु की राधा रानी और लड्डू गोपाल की मूर्ति बरामद हुई है। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम अभय उर्फ लुक्का निवासी निराश्रेय सेवा समिति हापुड़ नगर बताया है। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराकर फरार साथी, हापुड़ निवासी ऋतिक को भी गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर लगभग एक करोड रुपए कीमत की अष्टधातु से बनी 12 मूर्तियां बरामद की है। इनमें से एक मूर्ति लड्डू गोपाल की बरामद की है। जोकि असौड़ा मंदिर से चोरी की गई थी। जो 150 साल पुरानी बताई जा रही है।

# मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को किया सैल्यूट

**वेलकम इंडिया**



पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमला किया है। भारतीय सेना ने अंजाम दिया। इस स्ट्राइक को लेकर मॉडलिंग इंडस्ट्री के सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर भारतीय सेना की जमकर सराहना की। वाराणसी से रहने वाली मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'ऑपरेशन सिंदूर' का पोस्टर शेयर किया और कैप्शन में 'जय हिंद' लिखा। इसके आगे उन्होंने तिरंगे का इमोजी भी शेयर किया। और कैप्शन में लिखा न्याय जरूर मिलना चाहिए, जय हिंद। मैं हमारी भारतीय सेना की सुरक्षा और मजबूती के लिए प्रार्थना करती हूं। इसके आगे उन्होंने हैशटैग ऑपरेशन सिंदूर' लिखा। उन्होंने आगे कहा कि हम भारतीय सेना के साथ अटूट एकजुटता के साथ खड़ी हूं इस चुनौतीपूर्ण समय में हम भारत के हर नागरिक से एकजुट रहने की अपील करती हूँ। हमारे सशस्त्र बलों का समर्थन करें, राष्ट्र के निर्णयों पर भरोसा करें और एकजुट होकर खड़े रहें। एक भारत, हम भारत हम भारत हैं और हम मिलकर अपनी मातृभूमि का निर्माण और सुरक्षा करते हैं। जब हमारा राष्ट्र हमें पुकारता है, तो हमें शक्ति, एकता और उद्देश्य के साथ आगे आना चाहिए। भारत माता की जय! उल्लेखनीय है, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। इस हमले को लेकर आम लोगों के साथ ही फिल्म जगत की तमाम हस्तियों ने निंदा करते हुए इसे आतंकियों की कायराना हरकत बताया था। इस कायराना हमले के करीब 2 हफ्ते बाद ही भारतीय सेना ने 9 आतंकी ठिकानों पर हमला बोल उन्हें बर्बाद कर दिया। पाकिस्तान ने खुद माना है कि भारत ने एयर स्ट्राइक की है। देश के आम हो या खास लोग, सब इस सैन्य कार्रवाई पर गौरवान्वित हैं।

# पंचायत चुनाव के लिए कार्यकर्ता कसें कमर: डसीला

**वेलकम इंडिया**



**कांडा।** पंकज डसीला, ब्लॉक कांग्रेस कांडा कमस्यार की आयोजित बैठक में पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर मंथन किया गया। वक्ताओं ने कार्यकताओं से इसके लिए अभी से कमर कसने को कहा। सभी ने संगठन की मजबूती पर बल दिया

सानिउडियार में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने कहा कि आने वाले समय में त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव होने है। जिसमें कांग्रेस बढ़चढ़कर भाग लेगी। ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य व जिपं सदस्य से लेकर ब्लॉक प्रमुख व जिपं अध्यक्ष पद तक के लिए कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। जीताऊ प्रत्याशी को अपना प्रत्याशी बनाया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से इसकी तैयारी में जुटने को कहा। बैठक में जीवन धपोला को पंचायती प्रकोष्ठ का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया, जबकि फकीर सिंह बोरा को अन्य पिछड़ा जाति का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष केवलानंद पांडेय ने की। इस मौके पर सुनील रावत, सोहन सिंह भंडारी, भूपेश ऐठानी, राजेंद्र राठौर, नारायण सिंह धामी, पूरन सिंह बोरा, राजेंद्र भंडारी, भैरव जोशी, होशियार सिंह धामी, महेश राठौर, रमेश सिंह प्रकाश जोशी मौजूद रहे।

# विधायक ने गढ़मुक्तेश्वर डिपो से बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**




हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग गढ़मुक्तेश्वर डिपो के द्वारा क्षेत्र से बाहरी क्षेत्रों में प्रतिदिन आवागमन करने को लेकर तीन मार्गों पर बस संचालन हेतु क्षेत्रीय विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया के द्वारा फीता काटकर बसो का उद्घाटन करते हुए हरी झंडी दिखाकर तीनों मार्गों के लिए बसों को रवाना किया। वही तीन मार्गों सहित उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के द्वारा विभिन्न मार्गों पर बस संचालन को लेकर स०क्षे०प्र०हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि इन तीन मार्गों पर बसों का संचालन होने से क्षेत्रीय लोगों को काफी राहत मिलेगी। और उनका भर्षक प्रयास रहेगा कि यात्रियों को परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश की तरफ से बेहतर सुविधाएं मुहैय्या कराई जाए। इस अवसर पर हेमंत कुमार मिश्रा सतीश्वर सिंह सीनियर फोरमैन, अनिल कुमार अमर सिंह केंद्र प्रभारी एवं डिपो के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

# पीड़िता ने पति सहित ससुर पर कराया मारपीट का मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया**

शिकारपुर/अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में एक पीड़िता में अहमदगढ़ थाने में पति व ससुर के खिलाफ मारपीट की शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरादपुर निवासी मोनू पुत्र भानु प्रताप सिंह की पत्नी ने पति मोनू व ससुर भानु प्रताप पर गाली गलौज मारपीट जान से करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए अहमदगढ़ थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है पीड़िता राखी देवी ने बताया है कि मेरा पति व ससुर शराब पीकर गाली गलौज में मारपीट करते हैं जिससे कि 17 मई की रात्रि में करीब 11:00 बजे मेरे साथ मारपीट की गई जिससे मेरे गंभीर चोट आई है। उधर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने बताया है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति और ससुर के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई व्यापार बंधु की बैठक। आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



मेरठ 20 मई 2025 को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में व्यापार बन्धु संबंधी कुल 35 समस्यायें शामिल थी, जिनसे संबंधित विभाग के प्रतिनिधियों से समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओ को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिये। हापुड स्टैंड चौराहे के निकट शौचालय बनवाने के संबंध में निवेदन किया गया था जिस पर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि शीघ्र ही शौचालय बनवाने हेतु टेण्डर जारी किया जायेगा। वार्ड सं0-66, 72 व 59 में आवारा कुत्तो के आतंक से निजात हेतु अनुरोध किया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम के अधिकारियो को अभियान चलाकर कुत्तो का बधियाकरण कराये जाने के निर्देश दिये गये। व्यापारियो द्वारा बताया गया कि बागपत रोड मलियाना पुल के नीचे सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध नहीं है जिस कारण व्यापारियो व आमजन को परेशानी का सामना करना पडता है, वहां एक सार्वजनिक शौचालय बनाये जाने के संबंध में निवेदन किया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा व्यापार बंधु व संबंधित अधिकारी को आपसी समन्वय से जगह चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। वार्ड सं0-61 में सफाई कर्मचारी नहीं आने व सफाई न होने के कारण नाली जाम होने की समस्या रखी गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अपर नगर आयुक्त को स्वयं निरीक्षण कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये गये।

# छोटे-छोटे बच्चे तिरंगा था में निकले सड़कों पर, निकाली तिरंगा रैली

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



मेरठ दिल्ली रोड परतापुर स्थित संस्कार अकैडमी स्कूल के नन्हे नन्हे छात्र-छात्राएं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर तिरंगा रैली निकालना सड़कों पर उतर गए

इस रैली में करीब 250 बच्चों ने हिस्सा लिया बच्चों ने रैली को इतने हर्षोउल्लास से निकला की रैली में दो छात्राएं कर्नल सोफिया कुरैशी और कैप्टन व्योमिक सिंह के रूप में नजर आई रैली का शुभारंभ मंगलवार सुबह 8:30 पर संस्कार अकैडमी से किया गया करीब ढाई सौ बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा निकाली यात्रा का संचालन जॉइंट्स फॉक्स परी ग्रुप की फाउंडर अनीता प्रधान सीमा शर्मा आरती मित्तल संगीता शर्मा उषा रानी अनीता दीक्षित ने किया स्कूल की प्रधानाचार्य पुष्पा चौधरी संस्कृति रेनू रितु शिवम चौधरी गरिमा शर्मा ने बच्चों को मार्गदर्शन दिए संस्कार अकैडमी की डायरेक्टर कामिनी शर्मा का भी पूर्ण सहयोग रहा।

# स्वास्थ्य प्राधिकरण ने आयुष्मान भारत में आयुर्वेद को छोड़ दिया

**वरिष्ठ पत्रकार राजेश कोछड़**




**नई दिल्ली** -सिस्टम कैसे काम करता है, इसका एक क्लासिक उदाहरण यह है कि आयुर्वेद को अभी तक मोदी सरकार की प्रमुख परियोजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री आरोग्य योजना (अइ-ढटखअ) में शामिल नहीं किया गया है। विडंबना यह है कि अइ-ढटखअ पारंपरिक चिकित्सा पद्धति पर केंद्रित है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सितंबर 2018 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर देना था। इस योजना में भारत की 40 प्रतिशत आबादी शामिल है। अब 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोग, चाहे उनकी आय सीमा कुछ भी हो, इस योजना के अंतर्गत आते हैं, जिससे यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना बन गई है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि इस अत्यधिक देरी का मूल कारण आयुर्वेद उपचार के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रोटोकॉल का निर्माण और अंतिम रूप देना है। लगभग एक साल पहले आयुष मंत्रालय ने 2024 के मध्य में स्वास्थ्य बीमा पैकेज प्रोटोकॉल राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) को सौंपा था, जो एबी-पीएमजेएवाई का नियंत्रक संगठन है। एनएचए एक विशेषज्ञ-सह-नौकरशाही निकाय है, जो केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन काम करता है, जो आयुष्मान भारत योजना के स्वास्थ्य बीमा प्रोटोकॉल को अंतिम रूप देता है। आयुष मंत्रालय के अधिकारियों और आयुर्वेद अस्पताल संघ के सदस्यों के अनुसार, आज तक एनएचए ने प्रस्तुत स्वास्थ्य बीमा प्रोटोकॉल पर मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक भी नहीं की है। स्वास्थ्य मंत्रालय और आयुष मंत्रालय के अधिकारी आयुष्मान भारत योजना में आयुर्वेद को शामिल करने और लागू करने के लिए बीमा प्रोटोकॉल को मंजूरी देने में एनएचए की सुस्त गति पर चुप्पी साधे हुए हैं। आयुर्वेद के स्वास्थ्य बीमा प्रोटोकॉल पर चर्चा और कार्यान्वयन के लिए एनएचए ने अभी तक बैठक क्यों नहीं बुलाई है? आयुर्वेद अस्पताल संघ के सदस्यों ने कहा, ₹आप कह सकते हैं कि एनएचए की धीमी गति के पीछे एलोपैथी माफिया का हाथ है, जिसने पिछले एक साल से आयुष मंत्रालय के अधिकारियों के साथ चर्चा भी शुरू नहीं की है। 2010, 2016, 2020 और अब 2023 में - आयुष विभाग जो 2014 में मोदी के नेतृत्व वाली पहली सरकार के तहत एक पूर्ण मंत्रालय बन गया, आयुर्वेद बीमा प्रोटोकॉल पर काम कर रहा है। आयुर्वेद में कुछ बड़े खिलाड़ी हैं जो बीमा कवर को अपने तक ही सीमित रखना चाहते हैं और सभी आयुर्वेद अस्पतालों को इसमें शामिल नहीं करना चाहते हैं। एसोसिएशन के अनुसार, आयुर्वेद उपचार सुविधाओं वाले कुछ बड़े आयुर्वेद अस्पताल और बड़े कॉर्पोरेट अस्पताल सभी आयुर्वेद अस्पतालों को बीमा कवरेज नहीं देना चाहते हैं। आयुर्वेद अस्पताल एसोसिएशन के एक सदस्य ने सभी आयुर्वेदिक अस्पतालों को शामिल करने का आग्रह करते हुए कहा, ₹अगर आयुर्वेद को आयुष्मान भारत योजना में लागू किया जाता है, तो सभी को इसमें शामिल किया जाएगा। राजनीतिक नेतृत्व को हस्तक्षेप करना चाहिए और एनएचए को आयुष भारत योजना में आयुर्वेद उपचार पर विचार करने और उसे लागू करने का आदेश देना चाहिए।

# भोली भाली जनता को कॉलोनाइजर ने महादेवपुरम 3, कॉलोनी का नाम पर ठगे लाखों रुपए

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद कॉलोनी का रूप देकर ठगी का नया तरीका एजाद किया ठगी का शिकार हुए लोगों ने अपना दर्द पत्रकारों को सुनाया के निकट महादेवपुरम कॉलोनी नंबर3 नाम देकर कॉलोनी का मानचित्र बनाकर टांग रखा था महादेवपुरम नंबर 3 पर भारी संख्या में भीड़ जमा थी नगर के बहुत से पत्रकारों को बुलाया गया था पत्रकारों से अपना दुख दर्द बयान करते हुए आंखों में आंसू लिए जो अपने आप को ठगी का शिकार बता रहे थी ठगी का शिकार हुए लोग ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कॉलोनी के मालिक अभिषेक गुप्ता और आसिम जलाल निवासी थाना किरतपुर इनके द्वारा एक कमीशन ऐजेंट नहीं बल्कि मालिक बनाकर कॉलोनी पर बैठा रखा था जो पैसों का लेनदेन करता था, अगर कोई प्लाट लेने वाला मलिक लोगों से संपर्क करता था तो उनका कहना था कि हमने सावेज को मालिक बनकर बैठा दिया है आप पैसे उसको दे दो हम तक पैसे पहुंच जाएंगे ठगी का शिकार हुए लोगों ने यह भी बताया की इन लोगों ने ठगी का नया तरीका एजाद किया है ठगे हुए लोगों का कहना है कि हमारी भारी रकम हड़प कर शाहवेज फरार हो गया हैं। कॉलोनाइजर आसिम जलाल से संपर्क किया गया तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हम लोग जनता की साथ ठगी करने वाले शाहवेज के खिलाफ हमने कल बिजनौर पुलिस अधीक्षक को उक्त मामले में अवगत कराते हुए एक शिकायती पत्र दिया हैं। जिसमें शाहवेज के खिलाफ जालसाजी के मामले में सख्त कार्यवाही करने के लिए आग्रह किया हैं। ठगी का शिकार हुए लोगों के पास पंजाब नैशनल बैंक के चेक दे रखे हैं 15 लख रुपए का चेक है किसी के पास 18 लख रुपए का चेक है किसी के पास 325000 का चेक है चेक देकर फ्री प्लान ठगी की गई है ठगी का शिकार हुए लोगों ने बताया की लगभग 50-55 लोगों के पैसे लगभग 6-7 करोड रुपए का घोटाला सामने आया है।

# 23 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर बीएसए से मिला पू0मा0शि0 संघ का प्रतिनिधिमंडल

**वेलकम इंडिया**

**सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र व जिला महामंत्री कलीमुल्लाह के नेतृत्व में शिक्षा, शिक्षक तथा छात्र छात्राओं की समस्याओं से संबंधित 23 सूत्रीय मांग पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को देकर समाधान की मांग की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने समस्त बिंदुओं पर गहन चर्चा कर अपने स्तर की समस्याओं को शीघ्र समाधान करने तथा शेष शासन एवं प्रशासन स्तर की समस्याओं के मामले में संबंधित उच्चाधिकारियों को संदर्भित पत्र भेजने का आश्वासन दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार से वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की बहुत कमी है। तमाम बंद विद्यालय हैं, उन्हें नियम विरुद्ध तरीके से प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों, शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को संबद्ध करके संचालित किया जा रहा है, वही कई लोग बीआरसी और कार्यालय में संबद्ध हैं। नियम विरुद्ध सभी संबद्धता को तत्काल समाप्त किया जाए। यदि बंद पूर्व माध्यमिक विद्यालयों को संचालित ही करना है तो पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक अथवा प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को ही संबद्ध करके संचालित किया जाए, और उनका उसी विद्यालय से वेतन भुगतान भी किया जाए। या नियुक्ति/पदोन्नति के माध्यम से प्रत्येक विद्यालय में कम से कम तीन अध्यापक की व्यवस्था किया जाय।

जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि ऑफलाइन निरीक्षण व्यवस्था बंद कर दी गई है, फिर भी ऑफलाइन निरीक्षण किया जा हैं, और निरीक्षण के बाद बीआरसी/कार्यालय पर संबंधित विद्यालय के शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों को बुलाया जाता है। प्रेरणा पोर्टल से ऑनलाइन निरीक्षण किया जाए, उसी दिन संबंधित उच्च अधिकारी और प्रधानाध्यापक को जॉच आख्या प्रेषित किया जाय। बिना स्पष्टीकरण के किसी भी शिक्षक के विरुद्ध कोई विभागीय कार्यवाही न की जाए।

# लघु समाचार पत्रों पर संकट! पत्रकारों ने विज्ञापन नीति पर जताई आपत्ति

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई नवीन विज्ञापन नीति से लघु एवं सायंकालीन समाचार पत्रों के अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट को लेकर प्रदेशभर के पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक अशोक छाबड़ा से जींद स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें औपचारिक ज्ञापन सौंपते हुए सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा 16 मई को जारी पत्र सूचना कार्यालय/जन संपर्क ब्यूरो (केंद्र सरकार) पंजीकरण की अनिवार्यता संबंधी निर्देशों को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की माँग की।

प्रतिनिधिमंडल ₹लघु समाचार पत्र हरियाणा₹ के ध्वज तले गठित हुआ था। पत्रकारों ने कहा कि 10 दिन की समय सीमा में केंद्रीय पंजीकरण प्रमाणपत्र देना व्यवहारिक नहीं है, क्योंकि इसकी प्रक्रिया जटिल, विलंबकारी और सीमित अवसरों वाली है। इससे लघु समाचार पत्रों के समक्ष अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है।

प्रमुख माँगें इस प्रकार रहीं: विज्ञापन नीति संबंधी पत्र को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए लघु समाचार पत्रों के लिए पृथक और सरल विज्ञापन नीति बनाई जाए पत्रकार संगठनों से संवाद के बाद ही नई नीति लागू की जाए अशोक छाबड़ा ने प्रतिनिधिमंडल की बात को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वे इस विषय को शीघ्र ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार स्वतंत्र, स्वायत्त और विकेंद्रीकृत पत्रकारिता के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिनिधिमंडल में ये प्रमुख पत्रकार रहे शामिल: फतेहाबाद से हरियाणा जनादेश के सुनील सचदेवा, हिसार टुडे से महेश मेहता, एकता टाइम से राजेश सलूजा, खबरों का सागर से जगदीश असीजा, नभ छौर से मयंक सैनी, एएमपीएम न्यूज से योगेश अरोड़ा, रामा टाइम्स सिरसा से आर.के. भारद्वाज, सच्ची परत से संजीव मुंजाल, हरियाणा की गूंज से प्रदीप बंसल, हरियाणा ज्योति रेवाड़ी से रमेश अरोड़ा सहित विभिन्न जिलों के कई समाचार पत्र प्रतिनिधि इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे।

# एसडीएम पिंडरा को हटाने की मांग को लेकर वकीलों का आंदोलन हुआ तेज

**वेलकम इंडिया । संदीप तिवारी**

वाराणसी मिजार्मुराद । पिंडरा एसडीएम प्रतिभा मिश्रा और न्यायिक प्रज्ञा सिंह के स्थानांतरण की मांग को लेकर चल रहे गतिरोध के संवेदनहीनता की वजह से अधिवक्ता लामबंद होकर हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल की वजह से वादकारियों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। अफसरो के तानाशाही का मामला इतना तूल पकड़ने के बावजूद भी जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से अधिवक्ताओं में जबरदस्त आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को पिंडरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक कर यह निर्णय लिया गया कि अधिवक्ताओं के आंदोलन को और गति दिया जाए। बैठक में आंदोलन को तेज करने के लिए तीन प्रस्ताव भी पारित हुए, जिसमें जिले के बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों को इस आंदोलन में सहयोग करने का आह्वान किया गया। पीएमओ कार्यालय एवं मुख्यमंत्री को एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा व न्यायिक प्रज्ञा सिंह के खिलाफ कार्रवाई हेतु पत्रक सौंपने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही आगामी तीन जून को संपूर्ण उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता संघ तथा बार काउंसिल के सदस्यों की महापंचायत पिंडरा तहसील प्रांगण में आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। पिंडरा तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि जब तक डीएम तहसील आकर वकीलों की समस्या नही सुनते और अधिकारियों का स्थानांतरण नही करते तब तक वकील कार्य बहिष्कार पर रहेंगे।

# गैर मान्यता वाले बीस विद्यालयों को नोटिस जारी

**वेलकम इंडिया**



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग ने गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। विभाग की जांच में इटवा ब्लाक क्षेत्र में 20 विद्यालय ऐसे मिले हैं, जो बिना मान्यता के संचालित किये जा रहे हैं। बीईओ राजेश कुमार द्वारा इन सभी विद्यालयों को बन्द करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। वहीं उक्त विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों का नामांकन नजदीक के परिषदीय स्कूलों में कराने के लिए कहा गया है। स्कूल संचालकों को चेतावनी दी गई कि वह विद्यालय को बन्द कर दें, अन्यथा विशेष जांच अभियान विद्यालय के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। विभाग के इस कदम से गैर मान्यता वाले स्कूल संचालकों में हड़कम्प मचा हुआ है। जिन विद्यालयों को नोटिस दी गई है, उनमें सावित्री देवी इन्टर कालेज जिगना माफी में एक से पांच, मूर्ता देवी पब्लिक स्कूल पोखरभिटवा, सन लाट पब्लिक स्कूल बेलहसा, गंगाधर दूबे इन्टर कालेज पोखरभिटवा में एक से पांच, रामपाल चौधरी पदमपुर, ग्लोबल पब्लिक स्कूल मैलानी, सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल केरवनिया, सौरभ शिक्षण संस्थान मुड़िला बक्शी, स्व0 भगवन्त वीर बहादुर जूनियर हाईस्कूल पचपेड़वा, गर्ल्स एजूकेशनल एकेडमी बांसी रोड इटवा, एनके एकेडमी गौरा, बाबा मान्टेसरी औरहवा, रचना पब्लिक स्कूल तेनुआ, अमर विद्या पीठ कठेला गर्दी, नाजमा एजुकेशनल पब्लिक स्कूल बजराभारी, प्रेम आदर्श शिक्षण संस्थान कठेला गर्दी, मदर्स मेमोरियल इन्टर नेशनल स्कूल खड़सरी, अलअक्सा स्कूल जमोहना, मैमुना पब्लिक स्कूल रसूलपुर व इटवा पब्लिक स्कूल शामिल हैं।

# पासपोर्ट सुविधा के लिए तहसील सभागार में लगेगा तीन दिवसीय शिविर

**वेलकम इंडिया**

बागेश्वर, 21 मई से 23 मई तक तहसील सभागार बागेश्वर में पासपोर्ट कार्यालय देहरादून द्वारा कैंप लगाया जायेगा। उपजिलाधिकारी मोनिका ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय कैम्प के लिए 50 अप्वाइंटमेंट स्लॉट प्रतिदिन आनलाइन बुकिंग होंगी। शिविर में नये एवं पुनर्निगमन श्रेणी के आनलाइन भरे गए पासपोर्ट आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। कैम्प में तत्काल श्रेणी, पीसीसी हेतु आवेदन तथा किसी अन्य कारण अथवा दस्तावेज की कमी के कारण पहले से रुके हुए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन भरकर व निर्धारित शुल्क जमाकर अप्वाइंटमेंट लेना होगा एवं लिए गए नियत दिन, समय एवं स्थान पर आवश्यक कागजातों की मूलप्रति एवं उनकी स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति लेकर जांच हेतु तथा फोटो, उँगलियों के निशान देने के लिए उपस्थित होना होगा। उन्होंने लोगों से पासपोर्ट शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचा और मांग पत्र प्रेषित किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा प्रगतिशील रसोईया संगठन ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर मान्य प्रधानमंत्री को संबोधित मांग पत्र जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया दोपहर 12:00 बजे अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा प्रगतिशील रसोईया संगठन की महिलाएं भारी संख्या में नुमाइश ग्राउंड बिजनौर में जमा हुई जहां पर प्रगतिशील रसोईया संगठन बिजनौर की संयोजिका रेखा देवी की अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के जिला महासचिव सुभाष चंद्र के संचालन में सभा की गई सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन ने केंद्र की मोदी सरकार पर किसानों से वादा खिलाफी करने का आरोप लगाया उन्होंने किसान की फसल खरीदने के लिए ?म एस पी गारंटी कानून बनाने किसान मजदूर के सभी कर्ज माफ करने 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त देने वृद्धा विधवा विकलांग को ?10000 प्रतिमा पेंशन देने प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे की भ्रष्टाचार की जांच कर कर सभी गरीबों के आवास बनाने स्कूलों में खाना बनाने वाली रसोइयों को नियमित कर 26000 रुपए वेतन देने रसोइयों का चार माह का रुका मानदेय तुरंत दिलाने और डेढ़ साल से जो रसोईया आंगनबाड़ी के बच्चों का खाना बना रही है उसका पैसा उन्हें दिलाने प्रतिमाह रसोइयों को पैसा देने नया राशन कार्ड बनाने और राशन काम देने वाले डीलरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की शमशाद हुसैन ने कहा कि पंजाब में दलित भूमिहीन जमीन के लिए संघर्ष कर रहे हैं पंजाब सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया है।

# सिंचाई राजस्व कार्मिकों के पद समाप्त करने के विरोध में वृहत आन्दोलन की तैयारी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर धामपुर 20 एवं 21 मई को बांह पर काला फीता बांधकर प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन

धामपुर सिंचाई विभाग की रीढ माने जाने वाले अति महत्पूर्ण पद उपराजस्व अधिकारी, जिलेदार, मुंशी, हैड मुंशी पदों की संख्या में कटौती और नलकूप चालक, सींचपाल के साथ-साथ मिस्त्री कम ड्राइवर आदि के पदों को समाप्त किये जाने के विरोध में सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के आवाह्न पर ओमप्रकाश सिंह सींचपर्यवेक्षक के नेतृत्व में अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के कार्यालय परिसर में एकत्र होकर सभी कर्मचारियों ने अपनी बांह पर काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि दिनांक 14 मई 2025 को उ.प्र.शासन द्वारा राजस्व कार्मिकों के कई पदों में कटौती एवं कई महत्वपूर्ण पदों को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। जिसके विरोध में उ.प्र. डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ, सिंचाई राजस्व अधिकारी संघ, ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन, अनुसचिवीय अधिष्ठान संघ, मिनिस्टीरिल एसोसिएशन, भण्डार कर्मचारी संघ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, राजकीय वाहन चालक संघ आदि विभिन्न संघों के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बैठक कर सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति का गठन कर निर्णय लिया गया कि 20 से 21 मई तक सभी सदस्य बांह पर काला फीता बांधकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराते हुए राजकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# तेज रफ्तार कार बाइक को ठोकर मारते हुए पेड़ से टकरा कर गढ्ढे में पलटी, 06 युवक घायल

**वेलकम इंडिया**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़-बढ़नी राष्ट्रीय राजमार्ग-730 पर बानगंगा बैराज से आगे सरकारी कृषि फार्म के पास सोमवार की देर रात तेज रफ़्तार कार (वढ55 अए 4748) ने एक बाइक को ठोकर मारते हुए पेड़ से टकराकर गढ्ढे में जा पलटी। बाइक सवार दो युवकों को ठोकर लगने से गम्भीर रुप से घायल होकर सड़क पर बेहोश होकर पड़े रहें और कार में सवार युवक गम्भीर रुप से घायल हो गयें। घायलों की चीख पुकार सुन आस-पास के लोग दौड़ पड़े। वहां पहुंचकर देखा कि सड़क पर दो युवक गम्भीर हालत में बेहोश पड़े हैं और कार जो गढ्ढे में पलटी थी, उसमें से चीखने-चिल्लाने की आवाज आ रही थी। लोगों ने देखा कार में सवार चार युवक गम्भीर रुप से घायल पड़े हैं। कार का फाटक तोड़कर सभी घायलों को बाहर निकलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ पहुंचाया गया। दुर्घटना की सूचना शोहरतगढ़ पुलिस व 112 नम्बर पीआरबी पुलिस को युवा समाजसेवी योगेन्द्र जायसवाल व जितेन्द्र गोस्वामी ने दी। दुर्घटना की सूचना पाकर शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी व उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार व ग्राम प्रधान झरुआ वीरेन्द्र जायसवाल व ग्रामीण पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ पहुंचाया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ के चिकित्सक डा0 एस0के0 भारती ने घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद गम्भीर रूप से घायल शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ वार्ड नं0-02 अटल नगर (छतहरा) निवासी 19 बर्षीय शैलेन्द्र पुत्र चन्द्रभान व ढेबरूआ थानाक्षेत्र के ग्राम भेलौजी निवासी 20 बर्षीय सतीश पुत्र जमुना व 19 बर्षीय सुग्रीव निषाद पुत्र धीरज थाना शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसोहिया नानकार निवासी को एम्बुलेंस से माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया गया। वहीं कार में अन्य सवार शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसोहिया नानकार निवासी 24 बर्षीय आयान पुत्र महफूज, 18 बर्षीय अमीरूद्दीन पुत्र निजामुद्दीन, 20 बर्षीय इनामुल्ला पुत्र करीमुल्ला व सतीश पुत्र जमुना ढेबरूआ थाना क्षेत्र के ग्राम भेलौजी के निवासी हैं।

# गुरुकुल आर्यनगर के संस्थापक स्वामी देवानंद सरस्वती की 40वीं पुण्यतिथि पर छात्रों ने दी देशभक्ति की प्रस्तुति

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** वैदिक शिक्षा व सनातन संस्कृति के पोषक गुरुकुल आर्यनगर में गुरुकुल के संस्थापक स्वामी देवानंद सरस्वती की 40वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर गुरुकुल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति व वैदिक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान मंडल आयुक्त अशोक कुमार गर्ग मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे और सीकर के पूर्व सांसद व गुरुकुल के प्रधान स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। गुरुकुल के मंत्री एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में हकृवि के वित्त नियंत्रक नवीन जैन, संरक्षक चंद्रा राम गुर्री, रोहताश बीरथल डीएफओ, प्रमुख समाजसेवी जिले सिंह टॉक, समाजसेवी संतोष कुमारी, शिक्षाविद गुन सागर जैन व प्रो. डॉ. के. के. वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान गुरुकुल के कार्यकारी प्रधान रामकुमार आर्य, उपप्रधान एडवोकेट सुभाष जांगड़ा, मानद कुलपति पंडित रामस्वरूप शास्त्री, डॉ एस के गुलाटी, रामफल वर्मा, प्रबंधक कर्नल ओमप्रकाश, संदीप बूरा प्रधान बार, विकास पूनिया उपप्रधान, समीर भाटिया, सुनील भारद्वाज, सुनील सहदेव, पवन तूंदवाल, बलराज मलिक, अभिमन्यु मात्रश्याम, इंद्रदेव शास्त्री, सत्यव्रत आर्य, जुगेश शर्मा, विनय मल्होत्रा, देवदत्त शास्त्री, सत्यवान बालक, रमेश कुमार शास्त्री, मान सिंह पाठक, शैलेष वर्मा, दीपचंद आर्य, सुरेश कुमार शास्त्री, एडवोकेट श्वेता शर्मा, मुकेश सैनी, जय सिंह टाक, सत्यपाल शर्मा पूर्व एसई, बनी सिंह जांगड़ा, विकास गोयल, जगतपाल शास्त्री, हिमांशु आर्य खोवाल व कर्ण शर्मा सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि आज के दौर में गुरुकुलों की बहुत जरूरत है। सनातन संस्कृति व नैतिक शिक्षा के प्रसार में गुरुकुल अभूतपूर्व भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन परम्पराओं का निर्वहन गुरुकुल में किया जाता है, वे समाज को सुदृढ़ता प्रदान करती हैं। अशोक गर्ग ने बच्चों से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रश्न पूछे तथा सवालों के जवाब देते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पूर्व सांसद व गुरुकुल के प्रधान स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि वैदिक संस्कृति जड़ों से जुड़ी है और इसी संस्कृति को अपनाकर युवा पीढ़ी को सदमार्ग पर चलाया जा सकता है।

# बरेली में सट्टा रैकेट का भंडाफोड़: गंगापुर से 14 आरोपी गिरफ्तार, मुख्य सरगना फरार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** शहर में अवैध सट्टा कारोबार पर शिकंजा कसते हुए बारादरी थाना पुलिस ने गंगापुर क्षेत्र में चल रहे सट्टे के अड्डे पर छापा मारकर 14 सट्टेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को मौके से करीब 29,540 रुपये नकद, छह मोबाइल फोन, सट्टे से जुड़ी सामग्री और अन्य उपकरण बरामद हुए हैं। गिरोह का सरगना तन्नु उर्फ जगमोहन पुलिस कार्रवाई के दौरान फरार हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान के तहत मंगलवार को यह कार्रवाई की गई। सीओ तृतीय व एसपी सिटी के पर्यवेक्षण में बारादरी थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय की अगुवाई में पुलिस टीम ने गंगापुर क्षेत्र के एक बंद मकान में छिपकर चल रहे सट्टा केंद्र पर छापा मारा। जिसमें धर्मेन्द्र (32), दीपक गुप्ता (25), रामाशंकर (30), रोहित राजपूत (42), रवि कुमार (32), भूगेन्द्रपाल (40), राजीव कुमार (40), अंकित गुप्ता (30), राकेश कश्यप (40), उमर उर्फ मुन्ना (34), नुरउद्दीन (45), अय्यूब (24), श्याम कुमार (21) और राहुल गोस्वामी (25) को गिरफ्तार किया गया। इनमें से दीपक गुप्ता और धर्मेन्द्र पूर्व में भी सट्टा अधिनियम के तहत गिरफ्तार हो चुके हैं और बारादरी थाने में इन पर कई मामले दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि यह पूरा सट्टा नेटवर्क तन्नु उर्फ जगमोहन नामक व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा था। वह घटनास्थल के बाहर निगरानी कर रहा था और पुलिस की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों में से दीपक, धर्मेन्द्र और एक अन्य व्यक्ति सट्टा पर्ची भरने, राशि जमा करने और उसे तन्नु तक पहुंचाने का काम कर रहे थे।

# प्रकृति के कुशल चितेरे थे कवि पंत : प्रो. फुलोरिया



वेलकम इंडिया

**गरुड़।** प्रसिद्ध छायावादी कवि सुमित्रानंदन पंत की 125 वीं जयंती यहां धूमधाम से मनाई गई। एसएस जीना परिसर अल्मोड़ा के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. चंद्र प्रकाश फुलोरिया ने कहा कि कवि पंत प्रकृति के चितेरे कवि थे। उन्होंने कहा कि प्रकृति का सूक्ष्म चित्रण केवल कवि पंत के साहित्य में ही दिखता है। इस मौके पर साहित्यकारों ने कवि पंत की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। खोलिया विवेकानंद इंटर कालेज गरुड़ में आयोजित जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर चंद्र प्रकाश फुलोरिया ने कहा कि कवि पंत ने प्रकृति को बहुत ही करीब से देखा। उन्होंने कवि पंत को भारत रत्न दिए जाने की मांग की। विशिष्ट अतिथि चौखुटिया से आई वरिष्ठ प्रवक्ता डा. दीपा तिवारी ने कवि पंत की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और कवि पंत की कविताओं का वाचन किया।

# प्राथमिक विद्यालय के उद्घाटन को लेकर भाजपा के दो बड़े नेताओं में वर्चस्व की जंग

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** भाजपा नेताओं के वर्चस्व की जंग ने एक बार फिर पार्टी में अंतर्कलह को हवा दे दी है। इस बार मामला प्राथमिक विद्यालय के पुनः निर्माण के बाद उसके उद्घाटन को लेकर सामने आया है। जिसमें भाजपा के दो बड़े नेताओं के वर्चस्व की जंग सामने आई है। मीरगंज तहसील और क्यारा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय गौतारा के उद्घाटन के लिए बनी शिलापट का विवाद सियासी बवंडर बन गया है। इसे सियासी बवंडर बनाने में बरेली के शिक्षा विभाग ने अहम भूमिका निभाई है। शिक्षा विभाग के अफसरों के कारनामें पर बीएसए ने जांच बैठा दी है। जिसमें प्रधानध्यापक से लेकर खंड शिक्षा अधिकारी तक कार्रवाई के लपेटे में हैं। 18 मई 2025 को क्यारा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गौतारा के पुनर्निर्माण के बाद उद्घाटन होना था। परियोजना की स्वीकृति समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 2023-24 में हुई थी। इसके लिए 13.81 लाख रुपये का बजट शासन द्वारा स्वीकृत किया गया था। इसी बजट से नये सत्र से पहले विद्यालय का पुनर्निर्माण कराया गया। जब प्राथमिक विद्यालय का पुनः निर्माण हो गया और उसके उद्घाटन का समय आया तो शिक्षा विभाग के अधिकारियों और विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा शिलापट तैयार कराई गई जिससे भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार का नाम नदारद रहा। उनके नाम के स्थान पर झारखंड के महामहिम और बरेली की राजनीति के धुरंधर माने जाने वाले संतोष गंगवार की बेटी और अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार का नाम प्रमुखता से अंकित कर दिया गया, जबकि वह न तो कोई निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं और सरकार द्वारा प्रदत्त किसी संवैधानिक पद पर हैं। शिक्षा विभाग के अफसरों के इस कारनामे से भाजपा सांसद के समर्थकों और अन्य जनप्रतिनिधियों में भारी असंतोष हुआ। इसे सियासी अपमान के रूप में देखा जाने लगा। बरेली के बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम गठित कर दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस निर्माण कार्य में किसी निजी संस्था या बैंक की कोई भूमिका नहीं है। ऐसे में श्रुति गंगवार का नाम शिलापट पर क्यों डाला गया, यह जांच का विषय है।

# छायावादी होकर भी वह, थे प्रकृति के सुकुमार....



वेलकम इंडिया

**गरुड़।** उत्तराखंड पत्रकार एवं साहित्यकार समिति के तत्वाधान में महाकवि सुमित्रानंदन पंत जयंती पर काव्य गोष्ठी आयोजित की गई।

आदर्श ज्ञानार्जन विद्यालय में आयोजित गोष्ठी की शुरूआत करते हुए मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि कवि पंत ने कविताओं से पूरे अंतर्राष्ट्रीय फलक पर भारत देश का मान बढ़ाया और कौसानी को एक नई पहचान दिलाई। गोष्ठी की शुरूआत करते हुए कवि मोहन जोशी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। ओमप्रकाश फुलारा ने कहा - छायावादी होकर भी वह, थे प्रकृति के कवि सुकुमार। कवयित्री प्रेमा भट्ट ने कविता सुनाते हुए कहा - पंचम स्वर में कंहुके कोयल गाए प्रभाती। युवा कवयित्री माया गोस्वामी ने कहा - प्रकृति के वो मझधार बने, साहित्य के वो रसधार बने। कवयित्री आशा जोशी ने अपनी कविता में कहा - प्रकृति के सुकुमार, धरा बनी यादगार। कवि सुरेंद्र वर्मा ने अपनी सुनाते हुए कहा - खून का एक-एक कतरा, बस तेरे काम आए।

# एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में गुरुतेग बहादुर स्कूल के टॉपर मनीष साहू का स्वागत किया

वेलकम इंडिया



एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू संरक्षक हरीश चन्द पाण्डेय के नेतृत्व में संस्था के माध्यम सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में संस्था सदस्य मनीष साहू ने इंटर में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गुरुतेग बहादुर स्कूल के टॉपर बनने पर संस्था पदाधिकारियों ने मनीष साहू का स्वागत कर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य प्रीति आर्या ने संयुक्त रूप से कहा की मनीष साहू पढ़ाई करने के साथ संस्था के सामाजिक कार्यों में सहभागिता कर समाजहित कार्य कर रहे है और मनीष साहू ने इंटर में पूरी लगन के साथ दिन रात पढ़ाई करके सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गुरुतेग बहादुर स्कूल के टॉपर बने है जिससे हम सभी में बहुत खुशी है और हम मनीष से आशा करते है वो भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करते रहें और आगे चलकर देश की सेवा करें क्योंकि जिस प्रकार से मनुष्य के जीवन में हवा पानी भोजन घर कपड़ा की महत्ता होती है ठीक उसी प्रकार से मनुष्य के जीवन में शिक्षा की भी बहुत जरूरत होती है और जो विद्यार्थी माँ सरस्वती जी शरण के में आकर सच्चे मन से पूरी लगन के साथ श्रद्धा पूर्वक शिक्षक ग्रहण करने के लिए दिन रात परिश्रम करता है तो माँ सरस्वती जी के आशीर्वाद से विद्यार्थी और शिक्षा बीच एक गहरा संबंध स्थापित होता है जिससे विद्यार्थी के अंदर असीम दिव्य शक्तियां समाहित हो जाती है फिर विद्यार्थी का मन मस्तिष्क शिक्षा रूपी ज्ञान प्राप्त कर बहुत ही प्रभावशाली मजबूत हो जाता है जिससे फिर वही विद्यार्थी सदैव भारतहित नैतिक गुणों को जीवन में उतार कर अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को प्रखर रूप से निखार कर ज्ञान की गंगा बहाकर आगे चलकर भारत के उज्जवल भविष्य बनकर हर क्षेत्र में भारत देश की प्रगति उन्नति के लिए लोकमंगल की कामना के साथ भारतहित में हमेशा कार्य करेंगे क्योंकि शिक्षा वो साधन है।

# पत्नी और ससुराल से पीड़ित नौजवान ने न्याय मांगा

वेलकम इंडिया



**लुधियाना 20 (दीपक पांडे) :** एक युवक जो पत्नी और ससुराल से पीड़ित है जिससे उसकी पत्नी उसके बच्चों को लेकर मायके में रह रही है जिससे बच्चों की पढ़ाई पर भी गलत प्रभाव पड़ रहा है उनके चार बच्चे है।

पिछले 15 दिनों से वो घर छोड़कर गई हुई है।पीड़ित अर्जुन ने कहा कि उसकी पत्नी उसके बच्चों से भी नहीं मिलने दे रही है ,अर्जुन ने कहा कि मेरी सरकार से निवेदन है कि मेरे बच्चों के भविष्य को देखते हुए मुझे मेरे बच्चे मेरे पास दिलवाकर बच्चों के भविष्य को बचाए।

# 23 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर बीएसए से मिला पू0मा0शि0 संघ का प्रतिनिधिमंडल

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र व जिला महामंत्री कलीमुल्लाह के नेतृत्व में शिक्षा, शिक्षक तथा छात्र छात्राओं की समस्याओं से संबंधित 23 सूत्रीय मांग पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को देकर समाधान की मांग की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने समस्त बिंदुओं पर गहन चर्चा कर अपने स्तर की समस्याओं को शीघ्र समाधान करने तथा शेष शासन एवं प्रशासन स्तर की समस्याओं के मामले में संबंधित उच्चाधिकारियों को संदर्भित पत्र भेजने का आश्वासन दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार से वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की बहुत कमी है। तमाम बंद विद्यालय हैं, उन्हें नियम विरुद्ध तरीके से प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों, शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को संबद्ध करके संचालित किया जा रहा है, वही कई लोग बीआरसी और कार्यालय में संबद्ध हैं। नियम विरुद्ध सभी संबद्धता को तत्काल समाप्त किया जाए। यदि बंद पूर्व माध्यमिक विद्यालयों को संचालित ही करना है तो पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक अथवा प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को ही संबद्ध करके संचालित किया जाए, और उनका उसी विद्यालय से वेतन भुगतान भी किया जाए।

# चेयरमैन ने मुख्यमंत्री आवास पर नपं की समस्याओं को लेकर सीएम से की मुलाकात

वेलकम इंडिया



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** लखनऊ में 5-कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर सोमवार को गुरु गोरक्षनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर व उत्तर प्रदेश के यशस्वी, लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से नगर पंचायत बढ़नी के चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सीएम से मुलाकात के दौरान चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने आशीर्वाद स्वरूप लोकप्रिय मुख्यमंत्री से आशीर्वाद लेते हुए फोटो फ्रेम भी प्रस्तुत किया।मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने नगर पंचायत की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत बढ़नी में विद्युत विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति हेतु वार्ड नं0-7 बढ़नी खास में वार्डवासियों के घर के ऊपर संचालित 11000 लाईन की तार हटाये जाने व वार्ड नं0-7 में रेलवे फाटक के बगल की जर्जर सड़क को बनवाये जाने के सम्बन्ध में के साथ नपं बढ़नी कार्यालय के बगल दयानन्द लघु माध्यमिक विद्यालय (सहायता प्राप्त) तथा आर्यकन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और आर्यकन्या प्राइमरी पाठशाला (गैर सहायता प्राप्त) शिक्षण संस्थान श्री दयानन्द सरस्वती शिक्षा समिति (आर्य समाज) चट्टी बाजार बढ़नी लेकर विद्यालय भवन को नपं बढ़नी द्वारा कस्बे के बाहर भूमि व भवन उपलब्ध कराकर स्थानान्तरण की अनुमति के सम्बन्ध के साथ ही नपं बढ़नी में एक भी पार्क न होने, स्मार्ट क्लास कम्प्यूटर की शिक्षा तथा पढ़ने या तैयारी करने के लिए कोई लाइब्रेरी न होने, नेपाल देश से सटे होने पर नेटवर्क की भी समस्या होने के कारण बच्चे पढाई की तैयारी को लेकर हाईटेक लाइब्रेरी न होने सहित एक पोखरा जहां छठ पूजा, कथा, भागवत व कई मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है, जिसका सुन्दरीकरण करना, नपं बढ़नी बाजार द्वारा सीमा विस्तार से सम्बन्धित पत्रावली शासन में पहुंचाया जायें और नपं बढ़नी में नजदीकी स्वास्थ्य सेवा को लेकर प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की ब्यवस्था, नगर पंचायत में आंगनवाडी भवन में अभाव की ब्यवस्था आदि समस्याओं को लेकर विस्तार से बताया। वहीं सीएम ने समस्त मांग पत्रों के निस्तारण हेतु अश्वासन भी दिया। इस दौरान हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजू सिंह मौजूद थे।

# ब्रह्माकुमारी संस्था के अंतरराष्ट्रीय प्रेरक ने डॉक्टर्स को दिए तनाव मुक्ति के मंत्र

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की मथुरा ब्रांच और ब्रह्माकुमारी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आई.एम.ए. के सभागार में ₹आर्ट ऑफ रिलैक्सेशन₹ विषय पर सेमिनार का आयोजन किया।जिसमें मथुरा जिले के 100 से भी अधिक प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने सहभागिता की।

ब्रह्माकुमारी संस्था के अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर विषय विशेषज्ञ डॉक्टर सचिन परब ने तनाव प्रबंधन के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला और उसके निवारण हेतु दैनिक उपयोगी सूत्र बताए। ज्ञात हो कि डॉ. सचिन परब अंतर्राष्ट्रीय प्रोग्राम विहाशा के राष्ट्रीय समन्वक है और साथ ही वह ब्रह्माकुमारी संस्था के नशा मुक्त भारत अभियान के राष्ट्रीय संयोजक भी है। वह पिछले बीस से भी अधिक वर्षों से चिकित्सा जगत और कारपोरेट जगत के लिए प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने सरल शब्दों में डॉक्टर से पूछा कि क्या आप टेंशन लेते हैं या टेंशन आती है, सभी डॉक्टर्स विचारमग्न हो गए।उन्होंने फिर अगला प्रश्न पूछा कि यदि मैं आपको अपना पेन दूं और आप ना लें, तो पेन किसके पास रहेगा? उनके प्रभावशाली उद्बोधन से सभी डॉक्टर अभिभूत हो गये। ब्रह्माकुमारी संस्था की स्थानीय सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी बी.के. कृष्णा दीदी ने बताया कि तनाव मुक्त रहने के लिए राजयोग का अभ्यास बहुत कारगर है। आई.एम.ए. प्रेसिडेंट डॉ. ब्रजेन्द्र तिवारी और डॉ. वर्षा तिवारी, सेक्रेटरी डॉ. गौरव भारद्वाज, ट्रेजरार - डॉ. अंशुल गोयल नें मुख्य वक्ता डॉ. सचिन परब और ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी का मोमेंटो और सैपलिंग देकर अभिवादन किया। इस अवसर पर डॉ. वर्मन, डॉ. डीपी गोयल डॉ. यस बी अग्रवाल, डॉ. मधु, डॉ. रूपा गोपाल, डॉ. चारू डॉ. रश्मि, डॉ. मुकेश जैन आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# डॉ. के.एन.मोदी इंस्टीट्यूट में डीबी आरआरटीएस की भर्ती अभियान

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ. के. एन. मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी मोदीनगर ने 19.05.2025 को अपने कैंपस में ट्रेन ऑपरेटर के पद के लिए डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया, जिसमें 300 से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया। डीबी आरआरटीएस की भर्ती टीम में श्रीमती सृष्टि जैन, भर्ती प्रमुख,चंद्र यादव, मुख्य सिस्टम एश्योरेंस अधिकारी और कुछ अन्य अधिकारी शामिल थे। जैसा कि डॉ. के. एन. मोदी फाउंडेशन के टी.पी.ओ. अजय प्रजापति ने बताया, डॉ. के. एन. मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मोदीनगर डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का प्रमुख सहयोगी है, जो ट्रेन ऑपरेटर, स्टेशन कंट्रोलर, अतिरिक्त किराया अधिकारी जैसे विभिन्न पदों के लिए पूल कैंपस आयोजित करता है। डॉ. के. एन. मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मोदीनगर ने पिछले एक साल में अब तक 8 ऐसे पूल कैंपस ड्राइव आयोजित किए हैं, जिनमें 2500 से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया और 300 से अधिक का चयन किया गया। डॉयचे बान इंटरनेशनल ऑपरेशंस जीएमबीएच (डीबी आईओ), डीबी ईसीओ ग्रुप का एक हिस्सा है, जो डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक एक विशेष प्रयोजन वाहन के माध्यम से भारत के पहले क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) का प्रबंधन कर रहा है, जिसे नमो भारत के रूप में ब्रांडेड किया गया है। संस्थान के इस प्रयास को फाउंडेशन के माननीय अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) डी. के. मोदी का आशीर्वाद प्राप्त है। इस अवसर पर, फाउंडेशन के प्रशासक मेघराज शर्मा, रजिस्ट्रार यू.एन. मिश्रा और कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) दीपांकर शर्मा तथा डॉ. के. एन. मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. (डॉ.) शिशिर रस्तोगी ने इस प्रयास की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट में एनसीसी एनुअल ट्रेनिंग कैंप का समापन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद ,( अनिल वशिष्ठ )।** राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में 37 यू पी बटालियन गाजियाबाद के सौजन्य से 10 दिवसीय एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप का आयोजन 10 मई से 19 मई 2025 तक हुआ, जिसमें विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों के 230 गर्ल्स और 370 बॉयज सहित लगभग 600 कैडेट्स ने भाग लिया। कैंप के दौरान कैडेट्स को मिलिट्री और इंस्टीट्यूशनल ट्रेनिंग दी गई। इस कैंप में होने वाली मुख्य गतिविधि इस प्रकार हैं हॉनरेरी कैप्टन योगेंद्र यादव (परमवीर चक्र विजेता) के मोटिवेशनल लेक्चर से कैडेट्स में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। ब्रिगेडियर कुलविंदर सिंह, सेना मैडल, ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर गाजियाबाद द्वारा दिए गए प्रेरणादायक व्याख्यान ने कैडेट्स को अत्यंत प्रेरित किया। एनएसजी कमांडोज ने एनसीसी कैडेट्स को एक रोमांचक डेमो दिखाकर प्रेरित किया। डॉ. श्वेता, सीएमओ नोएडा ने एंटी सिगरेटस और एंटी ड्रग पर व्याख्यान दिया। मेजर चोपड़ा द्वारा एसएसबी क्रैक करने पर एक प्रेरणादायक लेक्चर दिया गया। सीएमओ गाज़ियाबाद ने स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करते हुए लेक्चर दिया। न्यूक्लियर पावर स्टेशन विषय पर मिस्टर गौर द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। ए के जी और ए बी ई एस इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा मानवरहित हवाई वाहन पर एक जानकारीपूर्ण लेक्चर एवं लाइव डेमो का आयोजन,माउंट एवरेस्ट की सफल चढ़ाई करने वाले विंग कमांडर विक्रांत उनियाल का प्रेरणादायक लेक्चर, एनडीआरएफ ने लाइव सेविंग स्किल्स पर, ट्रैफिक पुलिस ने सेफ ड्राइविंग के विषय पर लेक्चर आयोजित किया। इस गतिविधि में कैडेट्स के खेलकूद और डिबेट के कंपटीशन भी कराए गए। सभी कैडेट्स को पॉइंट 22 राइफल फायरिंग भी कराई गई।

# मुरादनगर में सी ए टी सी,123 कैंप का किया गया शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** 35 यूपी बटालियन मोदीनगर के तत्वाधान में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर में सी ए टी सी,123 कैंप का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने कैंप कमांडेंट कर्नल पी के सिंह, डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया सूबेदार मेजर परमानंद व एनसीसी टीम का स्वागत किया। तत्पश्चात एनसीसी कैडेट की बायोमेट्रिक व दस्तावेजों का निरीक्षण करके कैडेट को कैंप में प्रवेश दिया गया। आज के कार्यक्रम में विभिन्न खेलकूदों की टीमों का चयन किया गया। जिससे कि ये कैडेट आगामी 10 दिनों में खेलकूद का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी व्यक्तिगत कुशलता का प्रदर्शन करेंगे। डॉ अमित कुमार ने बताया कि यह 10 दिवसीय कैंप है जो 20 मई से शुरू होकर 29 मई को समाप्त होगा। इसमें 400 एनसीसी कैडेट प्रतिभाग कर रहे हैं। कैंप के दौरान एनसीसी कैडेट शस्त्र प्रशिक्षण, टेंट पिचिंग , योगा ,सिविल डिफेंस कार्य, फिजिकल ट्रेनिंग, ड्रिल, प्राथमिक चिकित्सा ,साइबर क्राइम, बैंकिंग ,ट्रैफिक के नियम ,सामाजिक सेवा आदि कौशल को विकसित कर एनसीसी कैडेट में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत किया जाएगा। जिससे कि यही कैडेट भविष्य में राष्ट्र की सेवा कर राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका अदा कर सकें।

# जीवन आशा कैंसर अस्पताल का भव्य उद्घाटन- केंद्रीय मंत्री बी.एल. वर्मा ने किया लोकार्पण

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मंशापूर्ण महावीर क्षेत्र, मुरादनगर में रविवार को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ा, जब जीवन आशा कैंसर अस्पताल का विधिवत उद्घाटन भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री बी.एल. वर्मा द्वारा संपन्न हुआ। यह ऐतिहासिक अवसर जीवन आशा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की 6वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के दौरान संपन्न हुआ। यह अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, जो न केवल कैंसर रोग के इलाज में सक्षम होगा, बल्कि इसकी समय से पहचान, रोकथाम और जनजागरूकता फैलाने में भी अहम भूमिका निभाएगा। उद्घाटन समारोह में मुरादनगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग, संत, चिकित्सक, समाजसेवी, पत्रकार व गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।आचार्य श्री सौरभ सागर जी का विशेष योगदान समस्त कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति रहे परम पूज्य आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज, जिनकी प्रेरणा, दूरदृष्टि और सामाजिक सेवा के प्रति अटूट समर्पण के बिना इस अस्पताल की कल्पना भी संभव नहीं थी। आचार्य श्री ने समाज को रोगमुक्त, स्वस्थ और जागरूक बनाने के उद्देश्य से इस अस्पताल की संकल्पना दी, जिसे जीवन आशा ट्रस्ट ने साकार रूप प्रदान किया। अपने उद्बोधन में आचार्य श्री ने कहा, सेवा ही सच्चा धर्म है, और रोगी की सेवा, मानवता की सर्वोच्च सेवा है। यह अस्पताल केवल भवन नहीं, बल्कि जीवन को संबल देने वाला केंद्र बनेगा।, मानव समाज के लिए वरदान साबित होगा जीवन आशा हॉस्पिटल। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बी.एल. वर्मा ने कहा, जीवन आशा कैंसर अस्पताल जैसे संस्थानों की आवश्यकता आज हर क्षेत्र को है। केंद्र सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार हेतु अनेक योजनाएं चला रही है, परंतु जब ऐसे संस्थान सामाजिक सहयोग और आध्यात्मिक मार्गदर्शन से बनते हैं, तो उनका प्रभाव और भी व्यापक होता है। कैंसर विशेषज्ञों ने दी जानकारी वरिष्ठ डॉक्टर अरुण अग्रवाल , के. के. कालरा, डॉक्टर अरुण कुमार, डॉक्टर पीयूष, डॉक्टर राजेश शर्मा आदि देशभर से आमंत्रित वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञों का परिचय कराया गया। विशेषज्ञों ने कैंसर की विभिन्न प्रकारों, कारणों, प्रारंभिक लक्षणों, और नवीनतम उपचार पद्धतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही समय पर जांच और उपचार से कैंसर पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है।

# रास्तों पर भरा हुआ गंदा पानी लोगों हो रही परेशानी जिम्मेदार बेखबर कोई समाधान नहीं

वेलकम इंडिया

बुगरासी/बुलंदशहर/कस्बा बुगरासी की सड़कों के हालात ऐसे हैं कि लोगों का यहां पर रहना और यहां से निकलना दूभर हो गया है, सड़कों पर घुटनों घुटनों पानी भरा रहता है नाली का पानी सड़कों पर जमा जो जाता है,लोगों का कहना है कि यहां पर कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है, सिर्फ एक सड़क का नहीं बल्कि अगर आप बुगरासी मैन चौराहे की बात करें जोकि स्याना स्टैंड पर है वहां पर बहुत बुरा हाल है पिछले कई सालों से बुगरासी की जनता इस बात की शिकायत कर रही है लेकिन अभी तक सुनवाई नहीं हुई और कई जगह के रोड इसी तरह से पानी से भरे हुए हैं पानी के निकासी न होने की वजह से पानी सड़कों पर जमा हो रहा है, जिससे लोगों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कई बार शिकायत करने के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं की जा रही, लोगों का आरोप है की कुछ ही मोहल्लों को चिन्हित करके काम किया जा रहा है, आज भी बुगरासी के तीन मेंबरो ने सड़कों का जायजा लिया, जिसमें सुंदर मेंबर, अबरार मेंबर और बिलाल मेंबर शामिल रहे लेकिन जनता को किसी भी तरह का कोई समधान नहीं मिल रहा है,,, इन मेंबरों का कहना है की हम कई बार इसकी आवाज नगर पंचायत में उठा चुके है लेकिन समाधान नहीं मिला।

# दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र -छात्राओं को किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल, में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया । मंगलवार को दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों के सम्मान में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में उन छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया ।छात्रों को प्रमाणपत्र, ट्रॉफी एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए ।कक्षा 12वीं के परिणाम विज्ञान संकाय ।त्रिशा शर्मा झ 98.2 प्रतिशत (प्रथम स्थान) चिराग गुप्ता झ 96.8 प्रतिशत (द्वितीय स्थान) रिशांक गुप्ता झ 94 प्रतिशत (तृतीय स्थान) वाणिज्य संकाय । गौरी वशिष्ठ झ 93.8 प्रतिशत (प्रथम स्थान) रुद्र अग्रवाल झ 93.2 प्रतिशत (द्वितीय स्थान) सिद्धि सांघी झ 91 प्रतिशत (तृतीय स्थान) मानविकी संकाय ।मानवी चौधरी झ 98.2 प्रतिशत (प्रथम स्थान) नैना धामा झ 93 प्रतिशत (द्वितीय स्थान) कृष्टीना यादव झ (तृतीय स्थान)कक्षा 10वीं का उल्लेखनीय परिणाम। इस वर्ष कक्षा 10वीं के सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। जो कि विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षण स्तर और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है ।कक्षा 10वीं के टॉपर्स। इति शर्मा झ 98 प्रतिशत (प्रथम स्थान)निमिता झ 97.8 प्रतिशत (द्वितीय स्थान) आयुष सिंघल झ 97.4 प्रतिशत (तृतीय स्थान) रोबोटिक और आर्टिफिशल इन्टेलिजेनसी की विद्यालय में अत्याधुनिक दो उत्कृष्ट प्रयोगशालाएं चलाई जा रही जिसके फलस्वरूप छात्रों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई तकनीक विषय में 7 छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक और 25 छात्रों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ये सब उमेश मोदी एवं उनकी धर्मपत्नी कुमकुम मोदी की दूरदर्शिता के कारण संभव हुआ ।उसी समय पर अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्थापना में महत्वपूर्ण निवेश किया गया ।

# रानी अहिल्याबाई अपने कुशल प्रशासन,परोपकार और धार्मिक भावना के लिए जानी जाती हैं- डॉ एस सी अग्रवाल

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा के निर्देशन में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं की जयंती का कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पहले दिन उनके जीवन पर आधारित रंगोली एवं महिला सशक्तिकरण पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक भोजपुर की ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह और विशिष्ट अतिथि भाजपा के मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा, सचिन त्यागी, आकाश कश्यप रहे। कार्यक्रम रानी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि द्वारा प्रारंभ किया गया कार्यक्रम के दूसरे दिन रानी अहिल्याबाई पर भाषण प्रतियोगिता वाद विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को प्रतिक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल व ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह और मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा जी ने विद्यार्थियों को अहिल्याबाई होलकर के प्रेरणादायक कार्यों के बारे में बताया । रंगोली प्रतियोगिता को सफल बनाने में कला की प्रवक्ता श्रीमती वर्षा रानी ,दौड़ प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह निबंध प्रतियोगिता में वाद विवाद प्रतियोगिता आदि को सफल बनाने में महानंद सिंह डॉक्टर पूनम वशिष्ठ आदि का योगदान प प्रशंसनीय रहा।

# तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में अहिल्याबाई की जयंती मनाई गई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के परिसर में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर कार्यक्रम का का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता, महिला सशक्तिकरण हेतु दौड़ एवं रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन सिद्धांतों पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी ने कहा कि अहिल्याबाई मराठा शासक और होल्कर राजवंश की न्याय प्रिय महारानी थी, उनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है वह जब भी किसी को मुसीबत में देखती थी तो उसे कम करने के लिए आगे कदम बढ़ाती थी। गौरव माहेश्वरी व राधिका माहेश्वरी ने बच्चों से कहा कि उन्होंने अपने राज्य में धर्म ,समाज व संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था ।

# संघर्ष महिला संगठन के तत्वाधान में लू से बचाव हेतु कार्यशाला एवं कैंप का आयोजन

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** संघर्ष महिला संगठन के तत्वाधान में झाँसी नगर निगम द्वारा लू से बचाव के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत जनपद के डेली ग्राम स्थित आदिवासी बस्ती में कार्यशाला एवं जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में आदिवासी बस्ती में रहने वाले सभी लोगों को सत्तू, तौलिया, छाछ व बिस्किट आदि सामान वितरित किये गये। कार्यशाला में जानकारी देते हुए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित एवं समाजसेविका नीति शास्त्री ने कहा गर्मियों के दिनों में लू (तापघात) प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तापघात जानलेवा हो सकता है इससे बचाव ही इसका उपचार है। शरीर का तापमान बढ़ना व पसीना न आना, सिर दर्द या सिर में भारीपन महसूस होना, त्वचा का सूखा एवं लाल होना, उल्टी आना, बेहोश होना एवं मांसपेशियों में ऐंठन इसके प्रमुख लक्षण हैं। यदि किसी व्यक्ति में यह लक्षण दिखाई देते हैं तो ऐसे व्यक्ति को तुरंत ठंडे एवं छायादार स्थान पर ले जाएं और तत्काल इसकी सूचना नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या एंबुलेंस को दें, जितना हो सके उसे पानी ठंडा पानी पिलाये और शरीर से अनावश्यक कपड़े निकाल दें व लगातार शरीर पर ठंडे पानी का स्प्रे करें। खासतौर से वृद्धजन, गर्भवती महिलाओं और बच्चों का विशेष रूप से ध्यान रखने की आवश्यकता है इन्हें तापघात की संभावना अधिक होती है। हर व्यक्ति को यह जानकारियां होना चाहिए इन जानकारियों से आप किसी का जीवन बचा सकते हैं।

# राजेश चौधरी चौथी बार बने प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष, समर्थकों ने फूलों की माला पहनाकर किया स्वागत

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन रजि0उ0 प्र0 का चतुर्थ वार्षिक अधिवेशन समारोह शाह गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मानवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप चौधरी विधायक सादाबाद, श्वेता चौधरी नगर पालिका अध्यक्ष, डॉ मुराद अहमद खान असिस्टेंट प्रोफेसर (ए. एम. यू) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर अधिवेशन का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पगड़ी दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह देकर के भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम अधिवेशन में जिला कार्यकारिणी एवं नगर अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया हुई?। जिसमें सर्वसम्मति से राजेश चौधरी को चौथी बार जिला अध्यक्ष चुना गया एवं जिला उपाध्यक्ष के रूप में प्रवीण कौशिक, नरेश चतुर्वेदी, सुनील कुमार सिंह, लक्ष्मण प्रसाद गोला जिला महासचिव हेमंत शर्मा कोषाध्यक्ष मनमोहन सिंह जिला सचिव राम सेवक शर्मा, गोविंद गोपाल शर्मा जिला प्रवक्ता देवेश सिसोदिया संगठन मंत्री शंकरपाल सिंह सह संगठन मंत्री सचिन गौड, तहसील अध्यक्ष सादाबाद शीशपाल सिंह,मुकेश दीक्षित नगर अध्यक्ष हाथरस, राजेंद्र कुमार सूफी नगर अध्यक्ष सिकंदराराऊ, रवि कुमार ब्लॉक अध्यक्ष हाथरस मुरसान ब्लॉक अध्यक्ष नरेन्द्र वार्ष्णेय कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किशन सिंह द्वारा की गई। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के समक्ष स्कूलों से संबंधित समस्याओं पर अपने विचार रखते हुए कहा आरटीई के तहत बच्चों को दी जाने वाली शुल्क प्रतिपूर्ति काफी कम है सरकार से लगातार शुल्क प्रति पूर्ति को कम से कम 18 सो रुपए बढ़ाने के लिए शासन से कहा जा रहा है एवं सरकारी स्कूलों जैसी सुविधा भी मान्यता प्राप्त विद्यालयों को दी जानी चाहिए शिक्षकों को भी मानदेय की व्यवस्था होनी चाहिए।

# सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु बैठक संपन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए मंगलवार को आयोजित जिला सैनिक बन्धु बैठक दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी महोदय के निदेशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पूर्व सैनिकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्णय लिए गए। बैठक में पूर्व में प्राप्त तीन आवेदन-पत्रों पर विस्तार से विचार किया गया। सबसे पहले शहीद ब्रिगेडियर अमरेन्द्र सिंह कसाना की पत्नी इंदू कोकन कसाना द्वारा मुख्य सड़क का नामकरण और पैत्रिक गांव में मुख्य द्वार का निर्माण जैसे मांगों पर चर्चा हुई। डीपीआरओ ने बताया कि परियोजना निदेशक को मुख्य विकास अधिकारी के साथ समिति गठन के लिए पत्र भेजा जाएगा।इसके अलावा, स्कूल का नामकरण कराने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी ने भी संबंधित विभाग को पत्र भेज दिया है। पूर्व ऑनरेरी लेफ्टिनेंट सुदेशपाल के बैंक मामले में बैंक अधिकारियों ने जानकारी दी कि मामला एनटीएलसी को भेजा गया था और उसका निर्णय आ चुका है।सिटी मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिया कि जिलाधिकारी के निदेशानुसार बैंक के जोनल हेड से संपर्क कर इस समस्या का समाधान शीघ्र किया जाए। इसी प्रकार, पूर्व सैनिक राजेश की भूमि माप से जुड़ी समस्या पर सिटी मजिस्ट्रेट ने पूर्व सैनिक को विधिक प्रक्रिया के बारे में बताया कि एसडीएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराने के बाद ही माप संभव होगा। बैठक में पूर्व सैनिक राजेंद्र फौगाट की दीवार गिराए जाने के मामले में भी सिटी मजिस्ट्रेट ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एसडीएम मोदीनगर को पत्र भेजकर शीघ्र न्याय दिलाने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, पूर्व सैनिक बीसी बंसल द्वारा प्रस्तुत बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिसमें ईवीएम मशीनों को हटाने से संबंधित जिलाधिकारी के निर्देश और अन्य संबंधित जानकारियां जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने साझा कीं। उपाध्यक्ष मेजर जनरल एजेबी जैनी ने सभी पूर्व सैनिकों से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में पंजीकरण कराने का भी आग्रह किया, ताकि उन्हें बेहतर सुविधाएं और सहायता प्रदान की जा सके। बैठक में पंजाब नेशनल बैंक, जिला अग्रणी बैंक, जिला पंचायत अधिकारी, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के अधिकारी तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह बैठक पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता का परिचायक है। इसके माध्यम से न केवल उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे, बल्कि उनकी सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी।

# हॉकी कैंप का हो रहा आयोजन

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** हॉकी गाजियाबाद द्वारा गुरुकुल द स्कूल के मैदान पर 26 से 31 मई 2025तक एक हॉकी कैंप का आयोजन किया जा रहा है, इसमें जनपद के सभी स्कूलों के बच्चे भाग ले सकते हैं कैंप निशुल्क हैं, कैंप स्थल पर पहुंचने एवम वापिसी की व्यवस्था बच्चों /संबंधित स्कूल को स्वयं करनी होगी, कैम्प का समय प्रातः 7.30 से 11 बजे तक है। इसमें श्री अनुराग रघुवंशी, दिवाकर राम अंतर राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ और भी अन्तर राष्ट्रीय खिलाड़ियों के आने की संभावना है। कैम्प के अंतिम दिन एक कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है, इसमें अंतर राष्ट्रीय एम्पायर एवं ऑफिशल,नियमों की जानकारी देंगे।इस कार्यशाला में सभी हॉकी कोच भी आमंत्रित हैं।

## गाली-गलौज के विरोध पर युवक पर जानलेवा हमला

**गाजियाबाद।** मोदीनगर स्थित भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव त्यौड़ा-7 बिस्वा में एक युवक पर गाली-गलौज का विरोध करने पर जानलेवा हमला किया गया। आरोपी ने लोहे की रॉड से युवक के सिर पर जबरदस्त वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है।घटना के संबंध में घायल युवक अफसर ने बताया कि उसका गांव के ही मेहराज अली के साथ पुरानी रंजिश चल रही थी। 17 मई 2025 की रात जब अफसर अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में मेहराज अली ने उसे जबरन रोक लिया। उसने गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। अफसर ने इसका विरोध किया तो गुस्साए मेहराज ने लोहे की रॉड उठाकर उसके सिर पर वार कर दिया। वार के कारण अफसर का सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। हमले के बाद आसपास के लोगों की भीड़ इकी हो गई। भीड़ देख मेहराज ने अफसर को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया।

## सहकारी समितियों द्वारा आवास विकास परिषद के प्लॉट और फ्लैट दिलाने के नाम पर बड़े पैमाने पर ठगी का खुलासा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद इलाके में आवास विकास परिषद के नाम पर प्लॉट और फ्लैट दिलाने का झांसा देकर कई सहकारी समितियों द्वारा बड़े पैमाने पर ठगी के गंभीर मामले सामने आए हैं। अब तक 20 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की शिकायतें परिषद के पास दर्ज हो चुकी हैं।इन शिकायतों के आधार पर परिषद ने तीन सहकारी समितियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि कई अन्य समितियों की विभागीय जांच भी जारी है। सहकारी अधिकारी अरिमर्दन गौड़ ने बताया कि निवेशक कम पैसे में बड़ा मुनाफा कमाने की लालच में पड़कर बिना जांच-पड़ताल किए सहकारी समितियों और बिल्डरों पर भरोसा कर लेते हैं। झूठे वादों और आकर्षक ऑफर के जरिये ये समितियां लोगों को आसानी से फंसाकर उनकी रकम हड़प रही हैं। परिषद को मिली शिकायतों में सबसे बड़ा मामला 'मैसर्स सोलरीस इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेडज का है। इस बिल्डर पर करीब 20 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। इस कंपनी ने दावा किया था कि उनके पास ग्रेटर नोएडा में परिषद की 10 एकड़ जमीन है, जिसके आधार पर उन्होंने लोगों से भारी रकम वसूली। जांच में पाया गया कि परिषद ने इस बिल्डर को कोई जमीन आवंटित ही नहीं की थी, जो पूरी तरह फर्जी साबित हुआ। इस धोखाधड़ी के चलते सैकड़ों लोग ठगे गए हैं। परिषद ने इस मामले में बिल्डर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले सप्ताह रेल निगम सहकारी समिति के खिलाफ भी धोखाधड़ी का मामला सामने आया। शुरू में इस समिति पर 72 लाख रुपये की ठगी का आरोप था, लेकिन जांच में यह राशि 21 लाख रुपये पाई गई।

## संविदा बिजली कर्मचारियों की 72 घंटे की हड़ताल




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के संविदा कर्मचारियों द्वारा शुरू होने वाली 72 घंटे की प्रदेशव्यापी हड़ताल की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं।हालांकि, मुख्य अभियंता ने स्पष्ट कर दिया था कि यदि हड़ताल के दौरान जिले की विद्युत व्यवस्था को बाधित किया गया तो विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। इस कारण गाजियाबाद में मंगलवार को हड़ताल का कोई खास असर देखने को नहीं मिला। जिला प्रशासन ने बिजली आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए। इसके बावजूद, यह सवाल बना हुआ है कि आखिर संविदा बिजली कर्मचारी इस हड़ताल पर क्यों जा रहे हैं? उनकी मुख्य मांगें और असंतोष के कारण क्या हैं? इस रिपोर्ट में हम इस हड़ताल के पीछे के कारणों, उसकी मांगों और इसके संभावित प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन (यूपीपीसीएल) और उसकी सहयोगी कंपनियों में कार्यरत संविदा बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन और प्रदर्शन किए हैं। 15 मई 2025 को लखनऊ के शक्ति भवन पर लगभग 10,000 संविदा कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया था, जिसमें गाजियाबाद के कर्मचारी भी शामिल थे। इस प्रदर्शन ने सरकार और प्रशासन के बीच तनाव बढ़ा दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल सभी जिलाधिकारियों से स्थिति की रिपोर्ट मांगी, जिसके बाद गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने 19 मई को एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इस बैठक में विद्युत विभाग, संविदा एजेंसियां, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए ताकि हड़ताल के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न हो।

## छात्र ध्रुव त्यागी पर जानलेवा हमला मामले में अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा ने किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आईएमएस कॉलेज के छात्र ध्रुव त्यागी पर हुए गंभीर और जानलेवा हमले के बाद सामाजिक संगठन अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा ने पुलिस लाइन में जोरदार प्रदर्शन कर पुलिस की नाकामी पर गहरा रोष व्यक्त किया। ध्रुव त्यागी को इस हमले में सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन पुलिस ने मामले में केवल मामूली धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप झेल रही है। प्रदर्शनकारी सभा के जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी और महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी के नेतृत्व में पुलिस लाइन पहुंचे और धरना देकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि वेव सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज करते समय बेहद कमजोर धाराएं लगाई हैं, जिससे आरोपी लाभान्वित हो रहे हैं। सभा के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि घायल छात्र ध्रुव के परिजन लगातार धमकाए जा रहे हैं और उन्हें समझौते के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जबकि आरोपियों की ओर से जान से मारने की धमकियां भी मिल रही हैं।

## 50 लाख की अफीम सहित अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** जिले की क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि अपराध और अपराधियों के लिए इस शहर में कोई जगह नहीं है। एडीसीपी क्राइम पियूष सिंह के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी की निर्णायक कार्यशैली, सतर्क निगरानी और तेज एक्शन के चलते पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।झारखंड से अफीम की तस्करी कर दिल्ली-एनसीआर में खपाने की साजिश रच रहे एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से करीब 2 किलोग्राम अफीम बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पूरे प्रकरण की शुरूआत पुलिस को मिली एक गुप्त सूचना से हुई, जिसमें बताया गया कि झारखंड का एक युवक अफीम लेकर गाजियाबाद पहुंचने वाला है।इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए एडीसीपी पियूष सिंह के नेतृत्व में एक विशेष रणनीति तैयार की गई।वहीं, प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी ने क्राइम ब्रांच टीम के साथ मौके पर जाल बिछाया और गाजियाबाद में दाखिल होते ही तस्कर शंभू कुमार को धरदबोचा। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से भारी मात्रा में अफीम बरामद की गई।

## जिले में चेन स्नेचिंग और झपटमारी का आतंक, पुलिस के प्रयास नाकाम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में अपराध का ग्राफ लगातार ऊपर चढ़ता जा रहा है। जिले में झपटमारी और चेन स्नेचिंग की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे लोगों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। बीते दो माह की बात करें तो बाइक सवार बदमाशों ने लगभग तीन दर्जन से ज्यादा वारदातों को अंजाम दिया है। इनमें से कई घटनाएं सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी आरोपी की पहचान या गिरफ्तारी नहीं कर पाई है।हाल ही में शहर में दो बदमाशों ने अलग-अलग इलाकों में आठ से अधिक वारदातों को अंजाम दिया है। उन्होंने मुख्यतः अकेली चलती महिलाओं को निशाना बनाते हुए उनके गहनों की लूट की। यह घटनाएं सिहानी गेट, नंदग्राम, मोदीनगर, पटेल नगर, विजयनगर और भोजपुर जैसे इलाकों में हुई हैं। इनमें से कुछ घटनाओं में बदमाशों ने महिलाओं से सोने की चेन, अंगूठियां और मंगलसूत्र छीन लिए। नंदग्राम क्षेत्र में तो वृद्धा के खाते से धोखे से 54 हजार रुपये भी निकाल लिए गए। आश्चर्य की बात यह है कि इन वारदातों में से कई घटनाएं सीसीटीवी में कैद हो चुकी हैं, फिर भी पुलिस बदमाशों तक नहीं पहुंच पाई है। पुलिस द्वारा 25 अप्रैल को शुरू की गई बीट पुलिसिंग योजना से भी अब तक कोई खास असर दिखाई नहीं दिया है। लोगों को सुरक्षा की कोई ठोस अनुभूति नहीं हो रही है। हालांकि, सत्यापन अभियान और पासपोर्ट वेरिफिकेशन का कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन उसका आम नागरिकों को कोई सीधा लाभ नहीं मिलता दिखाई दे रहा। इन घटनाओं ने शहर की महिलाओं और बुजुर्गों में गहरी चिंता और डर पैदा कर दिया है। लोग अब दिन में भी सड़कों पर अकेले निकलने से हिचकने लगे हैं। चेन स्नेचिंग की घटनाओं का एक सिलसिला-सा बन गया है, जो पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में इस प्रकार की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने बताया कि विशेष टीमों का गठन कर लिया गया है और जल्द ही बाइक सवार बदमाशों को गिरफ्तार कर लूटा गया सामान बरामद कर लिया जाएगा। फिलहाल हालात यही इशारा कर रहे हैं कि गाजियाबाद में अपराधियों का खौफ बढ़ता जा रहा है और पुलिस के दावों की सच्चाई सवालों के घेरे में है।

## नगर निगम की सरकारी भूमि की पूरी जानकारी एसडीएम को सौंपी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महापौर सुनीता दयाल ने भूमि कब्जे के खिलाफ अभियान को और तेज करते हुए एसडीएम सदर और नगर निगम के सम्पत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक नगर निगम की सरकारी भूमि को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस बैठक में शहर के सभी क्षेत्रों में नगर निगम की जिन-जिन भूमि पर कब्जा है, उनका पूरा ब्यौरा खसरा नंबर सहित एसडीएम सदर को सौंपा गया। महापौर ने कहा कि नगर निगम की एक इंच भी भूमि पर किसी तरह का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल्द ही नगर निगम की कब्जाई गई भूमि पर ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू होगा और भूमाफियाओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद सम्पत्ति अधिकारियों ने बताया कि सरकारी भूमि के सम्पूर्ण दस्तावेज जुटाकर कब्जा मुक्त कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। महापौर ने सभी अधिकारियों को इस कार्यवाही में पूरी तत्परता से काम करने के निर्देश दिए हैं। महापौर ने कहा कि भूमाफियाओं के खिलाफ अब किसी तरह की नर्माई नहीं बरती जाएगी। जो भी भूमि पर कब्जा करेगा, उसके विरुद्ध तुरंत स्नढ्ढक्र दर्ज कर भूमाफिया अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में नगर आयुक्त सहित सम्पत्ति विभाग के प्रमुख अधिकारी, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, पटवारी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## हिस्ट्रीशीटर विक्रांत की गोली मारकर हत्या, छोटे भाई निशांत पर हत्या का आरोप

**गाजियाबाद।** निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव पेंगा में बीती रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां हिस्ट्रीशटर और विवादित व्यक्ति विक्रांत पुत्र सुरेंद्र सिंह की उसकी ही छोटी भाई निशांत ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस खूनखराबे की खबर फैलते ही गांव में अफरातफरी मच गई और लोग इस हत्याकांड को लेकर तरह-तरह की चचाओं में लग गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, निशांत ने इस वारदात को अंजाम देते हुए पिस्टल की पूरी मैगजीन खाली कर दी। विक्रांत के शरीर पर कई गोलियों के निशान मिले हैं, जिससे उसकी मौत हुई। घटना के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर कातिल भाई निशांत की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## जिलाधिकारी की जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं का हुआ त्वरित निस्तारण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले के कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में मंगलवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें आम जनता ने सीधे अपने मुद्दे और समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। इस मौके पर एडीएम ई रणविजय सिंह भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सुनवाई की कार्यवाही को प्रभावी बनाने में सहयोग प्रदान किया। जनसुनवाई का उद्देश्य था कि लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुनकर उनका शीघ्र समाधान किया जाए और प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी उपस्थित नागरिकों की बात ध्यान से सुनी और कहा कि सरकार की हर योजना का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासन को पूरी तत्परता से काम करना होगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को अधिक इंतजार न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन का दायित्व है कि वह जनता के प्रश्नों का समाधान शीघ्रता से करे और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाए। एडीएम ई रणविजय सिंह ने भी इस प्रक्रिया की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि जनसुनवाई से जनता और प्रशासन के बीच संवाद स्थापित होता है, जो बेहतर प्रशासनिक सेवाओं के लिए जरूरी है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपनी समस्याएं खुले दिल से प्रशासन के सामने रखें ताकि वे उचित मदद प्रदान कर सकें। इस जनसुनवाई में आये लोगों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं जैसे बिजली, पानी, सड़क, आवास, सरकारी योजनाओं में समस्याओं, और अन्य जनसेवा से जुड़ी शिकायतें रखीं। जिलाधिकारी ने इन सभी मुद्दों पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया।


**CHANGE OF NAME**

I, BHAGWATI PRASAD SHARMA S/o Shyam Lal Sharma R/o D-69, SWARNA JAYANTI PURAM, GOVINDPURAM, GHAZIABAD, U.P., HAVE CHANGED MY NAME FROM BHAGWATI PRASAD TO BHAGWATI PRASAD SHARMA FOR ALL FUTURE PURPOSES.

**CHANGE OF NAME**

I, JAI SHANKER SHARMA S/o SHRI BHAGWATI PRASAD SHARMA R/o D-69, SWARNA JAYANTI PURAM, GOVINDPURAM, GHAZIABAD U.P., HAVE CHANGED MY NAME FROM JAYSHANKAR SHARMA TO JAI SHANKER SHARMA FOR ALL FUTURE PURPOSES.